राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 116 पृष्ठः 10 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ रैली को संबोधित करते हुए।

# बृजभूषण पर होगी एफआईआर

## सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली पुलिस का बयान, बजरंग बोले- डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के जेल जाने तक धरना जारी रहेगा

**हक में फैसला**

**= 21 अप्रैल को नाबालिग समेत 7 महिला रेसलर्स ने बृजभूषण के खिलाफ यौन शोषण की शिकायत की थी**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**यौन श**ोषण के आरोपों पर दिल्ली पुलिस रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर केस दर्ज करेगी। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में यह बयान दिया है। 21 अप्रैल को एक नाबालिग समेत 7 महिला रेसलर्स ने बृजभूषण के खिलाफ यौन शोषण की शिकायत की थी। केस ना दर्ज होने पर रेसलर्स ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की।



सुनवाई के दौरान रेसलर्स की ओर से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने कोर्ट में कहा कि महिला रेसलर्स को सुरक्षा मुहैया कराई जाए और रिटायर्ड जज इस केस की निगरानी करें। इस दलील पर अदालत ने दिल्ली पुलिस को सुरक्षा मुहैया कराने का आदेश दिया है। कोर्ट ने पुलिस से अगले शुक्रवार तक हलफनामा दायर करने को कहा है। इसमें बताना होगा कि उसने क्या कदम उठाए। अगली सुनवाई 17 मई को होगी।
सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद रेसलर्स ने मीडिया से बात की। बजरंग पूनिया ने कहा- बृजभूषण को तुरंत जेल में डाला जाए।

## पहलवानों के समर्थन में बयान



**नीरज चोपड़ा:** यह देखकर कष्ट होता है कि हमारे एथलीट इंसाफ के लिए सड़क पर बैठे हैं। उन्होंने हमारे देश को गौरवान्वित किया है, कड़ी मेहनत की है। एक राष्ट्र के तौर पर हम हर किसी के सम्मान और ईमानदारी की रक्षा के लिए जिम्मेदार हैं। यह संवेदनशील मसला है। हमें बिना पक्षपात किए और पारदर्शिता से इस मामले से निपटना चाहिए। इन लोगों को इंसाफ मिलना चाहिए।
**उर्मिला मातोंडकर:** देश को मान सम्मान, कई मेडल दिलाने वाली बेटियां जंतर-मंतर पर बैठी हैं। ऐसे देश में जहां पर महिलाओं को देवियों का दर्जा दिया गया है। वे न्याय की भीख मांग रही हैं। क्या यह सही है गृहमंत्री और खेल मंत्री गुहार सुनिए। जब आप उनके साथ नहीं खड़े होंगे तो इस फील्ड में ही नहीं बल्कि बाकी खेलों में भी बेटी बचाओ के नारे देने का क्या मतलब रह जाता है
**सानिया मिर्जा:** एक औरत के नाते इन खिलाड़ियों को इस तरह देखना बहुत मुश्किल है। हमारे देश के लिए सम्मान लाए तो हम सभी ने जश्न मनाया। अब इस मुश्किल वक्त में सभी को इनका साथ देना चाहिए। उम्मीद है कि आज नहीं तो कल इन्हें इंसाफ मिलेगा।

## 'हेट स्पीच में बिना शिकायत केस दर्ज करें'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट** ने शुक्रवार को हेट स्पीच के मामलों में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तत्काल एक्शन लेने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि जब भी कोई नफरत फैलाने वाला भाषण देता है तो सरकारें बिना किसी शिकायत के एफआईआर दर्ज करें। हेट स्पीच से जुड़े मामलों में केस दर्ज करने में देरी होने पर इसे अदालत की अवमानना माना जाएगा। मामले में अगली सुनवाई 12 मई को होगी। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में कार्रवाई करते हुए बयान देने वाले की धर्म की परवाह नहीं करनी चाहिए। ऐसे ही धर्मनिरपेक्ष देश की अवधारणा को जिंदा रखा जा सकता है। कोर्ट ने अपने 2022 के आदेश का दायरा बढ़ाते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह निर्देश दिए हैं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ यूपी, दिल्ली और उत्तराखंड सरकार को ये आदेश दिया था।



**निर्देश**

**= जब भी कोई नफरत फैलाने वाला भाषण देता है तो सरकारें बिना किसी शिकायत के एफआईआर दर्ज करें**


**कोर्ट ने कहा- धर्म के नाम पर हम कहां पहुंच गए, ये दुखद है:** अदालत ने कहा कि हेट स्पीच एक गंभीर अपराध है, जो देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को प्रभावित कर सकता है। जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की बेंच ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि हम धर्म के नाम पर कहां पहुंच गए हैं यह दुखद है।

## समलैंगिक विवाह के मुद्दे पर संत समाज में गहरा रोष



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विश्व** हिंदू परिषद (विहिप) दिल्ली प्रांत ने सुप्रीम कोर्ट के समलैंगिक विवाह को अनुमति देने के मामले पर कड़ा विरोध जताया है। विहिप के साथ-साथ दक्षिण भारत एवं उत्तर भारत के संत समाज ने भी दुख व्यक्त करते हुए कड़ा रोष प्रकट किया है। विहिप दिल्ली प्रांत व संत समाज ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता की। वार्ता में जैन संत पूज्य लोकेश मुनि ने कहा कि समलैंगिक विवाह भारत की संस्कृति से मेल नहीं खाता। हम सभी भारत के संविधान और कानून का सम्मान करते हैं हम यह मानते हैं कि हमारा संविधान सबको अपने ढंग से जीने का अधिकार देता है। लेकिन निवेदन करना चाहते हैं कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता प्रदान करना निश्चित रूप से भारत की सभ्यता एवं संस्कृति के खिलाफ होगा, उसके साथ खिलवाड़ करने जैसा होगा।

## कांग्रेस वालों की मति मारी गईः अमित शाह



**टीम एक्शन इंडिया/कर्नाटक**
**कर्नाटक** चुनाव के लिए प्रचार करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने धारवाड़ में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उनके निशाने पर थे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई विवादित टिप्पणी पर पलटवार करते हुए शाह ने कहा कि पूरी दुनिया जिस पीएम मोदी का इतना सम्मान करती है, उन्हें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विषैला सांप कहते हैं। सोनिया गांधी उन्हें मौत का सौदागर कहती हैं। कांग्रेस वालों की मति मारी गई है, वे मोदी जी को जितनी गाली देंगे, कमल उतने ही अच्छे से खिलेगा। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने मेरे खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है। हमने पीएफआई पर बैन लगाकर कर्नाटक को सुरक्षित किया है। मैं नहीं डरता हूं। आपको कोई आपत्ति है तो आकर बताइए कि क्यों पीएफआई को चालू रखना चाहिए।

## ...तो इस दिन होगी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**रामजन्मभूमि** में निर्माणाधीन राममंदिर के भूतल का 80 फीसदी काम पूरा हो चुका है। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की भी तैयारी शुरू हो गई है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने काशी के विद्वानों से प्राण प्रतिष्ठा की तीन शुभ तिथि मांगी थीं। विद्वानों द्वारा 22 जनवरी की तिथि को शुभ बताया गया है।
श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की योजना है कि जनवरी 2024 तक रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भव्य गर्भगृह में कर दी जाए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त के लिए श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी ने काशी के दिग्गज विद्वान गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ से तीन मुहूर्त मांगे थे। 15 जनवरी से 25 जनवरी 2024 के भीतर यह मुहूर्त निकालने को कहा गया था।

**तारीख तय**

**= काशी के विद्वानों से प्राण प्रतिष्ठा की तीन शुभ तिथि मांगी थीं। विद्वानों द्वारा 22 जनवरी की तिथि को शुभ बताया गया है**


जंतर-मंतर पर ही खिलाड़ी प्रैक्टिस करते हुए।

## पीएम मोदी ने 91 एफएम स्टेशन शुरू किए



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी शुक्रवार को देश में रेडियो कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 100 वाट कैपेसिटी के 91 एमएम रेडियो स्टेशनों का उद्घाटन किया। 18 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 84 जिलों में इन एमएम रेडियो स्टेशनों का उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया गया। उद्घाटन के दौरान एफएम मोदी ने कहा कि जब बात रेडियो और एफएम की होती है, तो इससे मेरा रिश्ता एक श्रोता का भी है, और एक होस्ट का भी है।
**न्योमा में दुनिया का सबसे ऊंचा ट्रांसमीटर लगाः** लेह में मौजूद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि लद्दाख के न्योमा गांव में दुनिया का सबसे ऊंचाई पर ट्रांसमीटर लगाने का रिकॉर्ड बना है। न्योमा 4100 की ऊंचाई पर है, यहां से कई किलोमीटर तक रेडियो का लाभ मिलने वाला है। न्योमा के अलावा लद्दाख के खल्त्से, दिस्कित में भी रेडियो स्टेशन शुरू हुए हैं। पीएम ने कहा कि डिजिटल इंडिया ने रेडियो को नए लिसनर भी दिए हैं, और नई सोच भी दी है। देश में हुए टेक रिवोल्यूशन ने रेडियो और एमएम को नया अवतार दिया है। इंटरनेट के कारण रेडियो पिछड़ा नहीं बल्कि ऑनलाइन एफएम और पॉडकास्ट के जरिए इनोवेटिव तरीकों से सामने आया है।

## मनी लॉन्ड्रिंग केस में भी सिसोदिया को नहीं मिली जमानत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को एक बार फिर कोर्ट से राहत नहीं मिली। उन्होंने शुक्रवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने जमानत याचिका दाखिल की थी, जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया। अब जानकारी सामने आ रही है कि वह हाईकोर्ट का रूख करेंगे। ईडी ने सिसोदियो को नौ मार्च को शराब नीति घोटाले मामले में गिरफ्तार किया था। वहीं सिसोदिया के साथ आरोपी बनाए गए राजेश जोशी और गौतम मल्होत्रा की जमानत याचिकाओं पर आदेश को छह मई तक के लिए टाल दिया है। इससे पहले 26 अप्रैल को कोर्ट ने ईडी द्वारा जांच की जा रही आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में मनीष सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुनाना था लेकिन इसे आज तक (28 अप्रैल) के लिए डाल दिया गया था।

## भारत-चीन ने द्विपक्षीय संबंधों के विकास के बारे में चर्चा की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गलवान घाटी की** हिंसक घटना के बाद पहली बार भारत आये चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू ने भारत से संबंध सुधारने की वकालत की है। हालांकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बैठक से पहले उनसे हाथ न मिलाकर तल्खी दिखाई, लेकिन दोनों मंत्रियों ने भारत-चीन सीमा क्षेत्रों के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंधों के विकास के बारे में खुलकर चर्चा की। दरअसल, किसी भी देश के साथ द्विपक्षीय बैठक से पहले हाथ मिलाते हुए फोटो खिंचवाने की परंपरा है, जिसे हैंड शेकिंग कहा



जाता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने चीनी समकक्ष ली के साथ द्विपक्षीय बैठक से पहले हाथ नहीं मिलाया, जबकि उन्होंने द्विपक्षीय बैठक से पहले ताजिक, ईरानी और कजाख समकक्षों के साथ हाथ मिलाया। राजनाथ के हैंड शेकिंग न करने को चीन के साथ तीन साल से चल रहे गतिरोध के मद्देनजर तल्खी के रूप में देखा जा रहा है।
बैठक में ली ने कहा कि चीन-भारत सीमा आमतौर पर स्थिर है और दोनों पक्षों ने सैन्य और राजनयिक चैनलों के माध्यम से संचार बनाए रखा है। चीनी रक्षा मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों को द्विपक्षीय संबंधों और एक दूसरे के विकास को एक व्यापक, दीर्घकालिक और सामरिक दृष्टिकोण से देखकर संयुक्त रूप से विश्व और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए योगदान देना चाहिए।

**मीटिंग**

**= एक दूसरे के विकास को एक व्यापक, दृष्टिकोण से देखकर संयुक्त रूप से विश्व और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए योगदान देना चाहिए**

## 'एससीओ देशों के साथ संपर्क भारत की प्राथमिकता'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के देशों के साथ संपर्क भारत की प्राथमिकता है। भारत परिवहन क्षेत्र को अधिक कुशल और विश्वसनीय बनाने को लेकर समाधानों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।
गडकरी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में एससीओ देशों के परिवहन मंत्रियों की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही।

## अतीक-अशरफ केसः यूपी सरकार से जवाब तलब



**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**
**अतीक** और अशरफ मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को यूपी सरकार से जवाब मांगा। अदालत ने मर्डर केस की डिटेल रिपोर्ट मांगी है। सरकार से पूछा है कि बताइए कि उस दिन क्या हुआ और जांच में अब तक क्या-क्या हुआ इसके अलावा कोर्ट ने 24 फरवरी को हुए उमेश पाल मर्डर केस के आरोपियों के एनकाउंटर की रिपोर्ट भी मांगी है। कोर्ट ने यूपी सरकार से पूछा कि हत्यारों को यह जानकारी कैसे मिली कि अतीक-अशरफ को अस्पताल ले जाया जा रहा है। अतीक-अशरफ को ले जा रही गाड़ी को सीधे अस्पताल क्यों नहीं ले जाया गया मामले में अगली सुनवाई 3 हफ्ते बाद होगी। अतीक-अशरफ की 15 अप्रैल की रात 10:35 बजे प्रयागराज के कॉल्विन अस्पताल में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गोली मारने वाले लवलेश तिवारी, सनी सिंह और अरुण मौर्या ने तुरंत सरेंडर कर दिया था। उमेश पाल मर्डर केस में पुलिस एनकाउंटर में अब तक 4 चार आरोपी मारे जा चुके हैं। इनमें अतीक का बेटा असद, गुलाम, अरबाज, उस्मान चौधरी शामिल हैं। पुलिस कस्टडी में हुई इस सनसनीखेज हत्या के बाद यूपी सरकार ने एसआईटी के अलावा न्यायिक आयोग का गठन किया था। न्यायिक जांच आयोग और एसआईटी के सदस्यों की मौजूदगी में क्राइम सीन को रीक्रिएट किया गया था। आयोग की टीम ने इससे पहले घटनास्थल का मुआयना किया था। आयोग ने पुलिस अफसरों से जानकारी भी ली थी। आयोग ने शूट आउट में घायल सिपाही मानसिंह और धूमनगंज थाना प्रभारी राजेश मौर्या से भी घटना के बारे में पूछताछ की थी।



ACTION INDIA
नई दिल्ली, 29 अप्रैल 2023
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# गीता का उपदेश सम्पूर्ण मानव जाति के लिए है: विज

## श्रीकृष्ण जी का गीता में दिया एक-एक वक्तव्य मनुष्य की जिंदगी की गांठों को खोल देता है



**8 श्रीकृष्ण जी का एक एक वक्तव्य मनुष्य की जिंदगी की गांठों को खोल देता है और सफलता की कुंजी भी कहा जाता है**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि कृष्ण जी ने जो गीता का उपदेश दिया है वह किसी धर्म, जाति, क्षेत्र और भाषा के लिए नहीं है वह सम्पूर्ण मानव जाति के लिए है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जी का एक एक वक्तव्य मनुष्य की जिंदगी की गांठों को खोल देता है और इसको सफलता की कुंजी भी कहा जाता है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि हम गीता का संदेश धीरे-धीरे दुनिया के सभी देशों में लेकर जाएंगे। विज आज ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा के फेडरल पार्लियामेंट में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के उद्घाटन (ओपनिंग सेरेमनी) अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने गीता प्रेरणा पुस्तक का विमोचन किया। इस कार्यक्रम में विज को हरियाणा के सम्मान का सूचक पगड़ी पहनाकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, स्वामी सुदर्शन आनंद जी, पानीपत से विधायक महिपाल ढांडा, कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न एंबेसडर, कमिश्नर और ऑस्ट्रेलिया सरकार के सीनेटर और चीफ मिनिस्टर भी उपस्थित थे।

**'फकत शास्त्र को बना रहनुमा, कि करना है क्या, तुझे करना है क्या ना:** उन्होंने सभागार में उपस्थितजनों से कहा कि ऑस्ट्रेलियन पार्लियामेंट में इस सभागार में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का कार्यक्रम करके हम सब एक इतिहास का हिस्सा बन गए हैं। गीता जी का प्रचार प्रसार जितना किया जाए उतना कम है। उन्होंने कहा कि आपके जीवन में जब कभी कोई दोराहा आ जाए, मालूम ना पड़े कि किधर जाना है, पूरब को जाना है या पश्चिम को जाना है, उत्तर को जाना है या दक्षिण को जाना है तो गीता जी में लिखा है कि 'फकत शास्त्र को बना रहनुमा, कि करना है क्या, तुझे करना है क्या ना'।

### विज ने आस्ट्रेलिया के परिवहन मंत्री क्रिस्टोफर जेम्स स्टील से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा** के गृह मंत्री अनिल विज ने आस्ट्रेलिया के कैनबरा में आस्ट्रेलिया के सिटी सर्विसज और परिवहन मंत्री क्रिस्टोफर जेम्स स्टील से मुलाकात की।
इस दौरान हरियाणा और आस्ट्रेलिया के बीच विभिन्न विषयों पर सहयोग के संबंध में चर्चा और विचार-विमर्श किया गया। इनमें मुख्यतः स्वास्थ्य, परिवहन, शिक्षा इत्यादि शामिल हैं। इस मुलाकात के दौरान आस्ट्रेलिया के सिटी सर्विसज और परिवहन मंत्री क्रिस्टोफर जेम्स स्टील ने हरियाणा के साथ उपरोक्त क्षेत्रों में सहयोग करने की इच्छा जताई। बैठक के दौरान विज ने क्रिस्टोफर जेम्स स्टील को हरियाणा आने का निमंत्रण दिया जिस पर स्टील ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए हरियाणा आने की इच्छा जताई। मुलाकात के दौरान स्टील ने विज से कहा कि वे भविष्य में हरियाणा के साथ मिलकर काम करने की इच्छा रखते हैं ताकि परस्पर संबंधों को ओर अधिक प्रगाढ किया जा सकें। उल्लेखनीय है कि शार्टटर्म रोजगारपरक पाठयक्रमों के लिए आस्ट्रेलियन सरकार के साथ हरियाणा के विभिन्न संगठनों व निकायों के बीच समझौते करने पर विचार-विमर्ष हो चुका है जिसके जल्द ही सिरे चढने की उम्मीद की जा रही है।

# गाड़ी के अंदर से हजारों रुपये की नकदी व कागजात चोरी

**सोनीपत: मुरथल** थाना क्षेत्र स्थित बैंक के बाहर खड़ी गाड़ी से हजारों रुपये की नकदी व कागजात चोरी हो गए। कार चालक ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। प्रीतमपुरा दिल्ली निवासी रमन कुमार ने बताया कि वह बड़ी गन्नौर औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्टरी में नौकरी करता है। शुक्रवार को करीब 11.40 बजे व मुरथल स्थित बैंक ऑफ इंडियां में किसी काम से आया। उसके साथ क्रेटा गाड़ी में उसका चालक रामभहोर भी था। बैंक के बाहर गाड़ी खड़ी करके अंदर चले गए। काम खत्म होने के बाद जब वापिस बाहर आए तो गाड़ी में बैठ गए।

# एसडीएम व नप चेयरपर्सन ने सुनी दुकानदारों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**
शहर के झज्जर रोड स्थित सब्जी मंडी में एसडीएम अनिल कुमार यादव व नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने पहुँचकर दुकानदारों की समस्याएं सुनी। सब्जी मंडी में साफ सफाई बेहतर बनाने को लेकर सुझाव भी मांगे। मंडी में सब्जी विक्रेताओं ने एसडीएम अनिल कुमार यादव व नप चेयरपर्सन सरोज राठी को बताया कि सब्जी मंडी में जिन लोगों के पास सब्जी बेचने का लाइसेंस नहीं है वह भी अवैध रूप से दुकान लगाकर सब्जी बेचने का काम कर रहे हैं और जो लोग मार्किट कमेटी में हर माह किराया भरकर सब्जी बेच रहे हैं उन दुकानदारों को अवैध रूप से सब्जी बेचने वालों के कारण आर्थिक नुकसान पहुंचता है। एसडीएम ने दुकानदारों की समस्याएं सुनते हुए कहा की सब्जी विक्रेता प्रतिबंधित पॉलिथीन का इस्तेमाल बिल्कुल न करें व मंडी में सफाई का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि अगर दुकानदार प्रतिबंधित पॉलीथिन का इस्तेमाल करेंगे तो नियमानुसार उनके चालान काटने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी इसलिए पर्यावरण हित व जनहित में प्रतिबंधित पॉलीथिन का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं करें। सब्जी मंडी में दुकानदारों की समस्याएं सुनने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए नप चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने कहा कि सब्जी मंडी में डस्टबिन रखवाने, सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने, लाइट लगाने व सुरक्षा की दृष्टि से कैमरे लगाने का सुझाव दुकानदारों ने दिया है और दुकानदारों द्वारा दिए गए सभी सुझाव को अमल में लाकर उन्हें पूरा किया जाएगा तथा उनके द्वारा बताई गई मौजूदा समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने सब्जी मंडी के दुकानदारों को आश्वासन देते हुए कहा कि आपको किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है जो समस्याएं आपने आज बताई है उन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवा दिया जाएगा । चेयरपर्सन सरोज राठी ने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि दुकानदार भाई भी मंडी में साफ सफाई में सहयोग करते हुए खराब सब्जियों व कूड़े को इधर-उधर न फेंके। सरोज राठी ने कहा कि हमारा पूरा प्रयास रहेगा की शहर की सब्जी मंडी में आने वाले लोगों को पूर्ण रूप से स्वच्छ वातावरण मिले। इस अवसर पर पार्षद प्रवीन कुमार, पार्षद राजेश तंवर, सफाई निरीक्षक सुनील हुड्डा , मनमोहित गुप्ता , विकास सहित सब्जी मंडी के दुकानदार व मार्केट कमेटी के अधिकारी मौजूद रहे।



**8 सब्जी बेचने का लाइसेंस नहीं है वह भी अवैध रूप से दुकान लगाकर सब्जी बेचने का काम कर रहे हैं**

# सड़क हादसों में शिक्षिका सहित चालक की मौत

## नाहरी में सड़क पार कर रही शिक्षिका को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने कुचला

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**कुंडली** थाना क्षेत्र में अलग-अलग सड़का हादसों में शिक्षिका सहित चालक की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर आरोपित वाहन चालकों के खिलाफ मुकदमें दर्ज कर लिए है। गांव बारोटा निवासी सुमित ने बताया कि उसका भाई अमित चौहान (37) कैंटर चलाता था। वह 27 अप्रैल की रात को गाजियाबाद से वापस लौट रहे था। जब वह केजीपी पर यमुना पुल के पर पहुंचा तो उनका कैंटर ओवरहीट हो गया। इससे कैंटर बंद हो गया। वह कैंटर से उतरकर यमुना में पानी लेने के लिए जाने लगा। इसी दौरान सोनीपत की ओर से आ रहे तेजरफ्तार वाहन ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को उपचार को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच अधिकारी बिजेंद्र सिंह ने बताया कि वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। होली चौक बांकनेर निवासी अश्वनी ने बताया कि उसकी मां निर्मला देवी (55) जेबीटी शिक्षिका के तौर पर गांव नाहरी स्थित विद्यालय में तैनात थी। शुक्रवार दोपहर को वह विद्यालय की छुट्टी होने के बाद वापस लौट रहीं थी। इस दौरान वह दिल्ली जाने के लिए सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया।

**8 दिल्ली जाने के लिए सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया**

# बेटी को किराया देकर घर पहुंचा पति, संदिग्ध हालत में हुई लापता

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**शहर** थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर अज्ञात पर बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवती की तलाश के प्रयास कर रही है। एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी शहर स्थित शिक्षण संस्थान में जीएनएम का कोर्स कर रही है। गत 26 अप्रैल को उसकी बेटी का फोन उसके पास आया। उसने गोहाना रोड फ्लाई ओवर के पास किराए के लिए पैसे न होने की बात कही। वह उसे जाकर 100 रुपये किराया दे आया। उसके बाद घर लौट आया। देर शाम तक उसकी बेटी घर पर नहीं पहुंची। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। शहर थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**8 पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवती की तलाश के प्रयास कर रही है**

# खेत से पंप चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**कुंडली** थाना क्षेत्र में खेत से पंप सैट चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमन व हरीश उर्फ सन्नी निवासी नरेला का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपितों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। गांव नाहरा निवासी नरेश ने गत 23 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसके खेत से किसी ने किर्लोस्कर पंप सैट चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामे में कार्रवाई करते हुए पुलिस कर्मी कवर भान की टीम ने दो आरोपितों को काबू कर लिया। आरोपितों को पुलिस ने नरेला दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपितों को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपितों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।
रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से गंभीरता से पूछताछ की जा रही है।

# नवीन जयहिन्द के समर्थन में सर्व समाज के अनेकों लोगों ने करवाया सामुहिक मुंडन

## -पानीपत ब्राहमण समाज के प्रधान रामरतन शर्मा का मुंडन करके नवीन जयहिंद ने किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
सामाजिक कार्यकर्ता नवीन जयहिंद सहित 21 सर्व समाज के लोगों ने 23 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव न मनाने देने पर सरकार व मुख्यमंत्री के रवैये के खिलाफ मुंडन करवाने की शुरूवात की थी। वहीं पानीपत जिला में भी ब्राहमण समाज सहित सर्व समाज के अनेकों लोगों ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के सामने ऐलिवेटिड जीटी रोड पुल के नीचे सामुहिक मुंडन करवाया गया। नवीन जयहिंद ने सबसे पहले पानीपत ब्राहमण समाज के जिला प्रधान रामरतन शर्मा का स्वयं मुंडन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उसके उपरांत कई दर्जन लोगों द्वारा सामुहिक मुंडन करवाया गया। दो दिव्यांगों अजय व जोगिंद्र ने भी अपना मुंडन करवाया गया। इस मौके पर रामरतन शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने रोहतक के पहरावर में कोर्ट का सहारा लेकर भगवान परशुराम जन्मोत्सव को नहीं मनाने दिया गया। जिससे ब्राहमण समाज ही नहीं बल्कि सर्व समाज के लोगों में रोष है। उन्होंने कहा कि 2024 में होने वाले चुनाव में सर्व समाज मौजूदा सरकार को सत्ता से बाहर करने का काम करेगा। वहीं मुंडन करवाने वालो में पानीपत ब्राह्मण समाज के प्रधान राम रतन शर्मा के अलावा हल्का प्रधान राधेश्याम सरपंच, पंडित मुकेश त्यागी, प्रधान रामचंद्र, रामनिवास, जयदेव कौशिक, सोनू शर्मा, करण शर्मा, महेंद्र शर्मा, जीत सिंह प्रजापति, रमाकांत तिवारी, बिल्लू शर्मा, सुधीर पांडे, योगेश शर्मा, अमित, अभिमन्यु व सतीश आदि शामिल है। नवीन जयहिन्द ने मीडिया से बात करते हुए दावा किया कि अगले माह 21 मई को उसी पहरावर की जमीन पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इसके लिये यदि उनको जेल भी जाना पडेगा तो भी ब्राहमण सहित सर्व समाज के लोग तैयार है। इस अवसर पर विजय जैन, नरेंद्र शर्मा, वाशुदेव शर्मा, राजेश कौशिक एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



**8 जयहिंद ने पानीपत ब्राहमण समाज के जिला प्रधान रामरतन शर्मा का स्वयं मुंडन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया**

# रिश्वत कांड के विरोध में धरने पर पटवारी, पूरे दिन भटकते रहे सीईटी पास आवेदक

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**एंटी** करप्शन ब्यूरो द्वारा एक दिन पहले लघु सचिवालय स्थित तहसील कार्यालय के बाहर से पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किए गए पटवारी का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है। शुक्रवार को गिरफ्तार पटवारी को गलत ढंग से फंसाने का आरोप लगाकर पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन ने जिला उपायुक्त कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिसकी वजह से तहसील कार्यालय का पूरा काम ठप्प पड़ गया। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। इसके लिए दो सदस्यीय टीम का भी गठन हुआ, जोकि प्रशासन द्वारा रिश्वत लेने वाले पटवारी के खिलाफ हुई कार्रवाई की विडियो व अन्य सबूत देखेंगी। अगर कार्रवाई सही हुई होगी तो पटवारी वापस काम पर लौट जाएंगे। बता दें कि गांव पिनाना निवासी रामकिशन ने शिकायत दी थी कि नवीन उनके गांव का पटवारी है। वह अपनी खेवट का बंटवारा करने के साथ ही इंतकाल अपने नाम करवाना चाहता है। जब वह इसके लिए पटवारी नवीन से मिला तो उसने पांच हजार रुपए की मांग की। जिस पर उसने मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो में दी। रामकिशन की शिकायत पर पटवारी पकड़ने के लिए टीम का गठन किया गया।

**8 पटवारी को गलत ढंग से फंसाने का आरोप लगाकर पटवार एवं कानूनगो ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया**

# 40 हजार से अधिक लोग सुनेंगे पीएम की मन की बात: डा.अर्चना

**पानीपत:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100 वां प्रसारण राज्य के हर विधानसभा क्षेत्र में 100-100 स्थानों पर कम से कम 100-100 लोगों के साथ सुनने का निर्णय भाजपा द्वारा लिया गया है। पानीपत जिला के चारों हलकों में भी इसके लिये व्यवस्था की गई है। जिला में 400 स्थान निश्चित किये गये हैं, जहां पर 40 हजार लोग मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे। यह जानकारी शुक्रवार को यहां भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने अपने आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।

# मक्खन सिंह लबाना के घर पर युवकों ने चलाई गोली

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
अंबाला सेक्टर-10 निवासी जिला परिषद के पार्षद और आम आदमी पार्टी के नेता मक्खन सिंह लबाना के घर पर सुबह गोली चलने का मामले सामने आया है। बताया जाता है कि हमलावरों ने दो फायर मक्खन सिंह के घर पर किए, जिससे उनके घर का शीशा भी टूट गया।
घटना के संबंध में बेटे मनप्रीत की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस की कई टीमों ने उनके घर व क्षेत्र का निरीक्षण किया। तो वही यह भी पता लगा है कि पुलिस आस पास के सीसीटीवी कैमरें खंगालने में जुट गई है। लबाना ने बताया कि गत दिवस उन्हें पुर्तगाल के नंबर से फोन आया था। हालाकिं उन्होनें पूरी तरह से यह फोन नही सुना। आम आदमी पार्टी के नेता व जिला परिषद में पार्षद मक्खन सिंह लबाना जिप चेयरमैन के दावेदार भी रह चुके हैं। उन्होनें इन दिनों घुटनों का ऑपरेशन करवाया हैं। तथा घर पर ही आराम कर रहे है। कल सुबह घर के बाहर कुछ आवाज सुनाई दी। परिजनों ने सोचा कि साथ लगते घर में मकान का काम चल रहा है। यह आवाज शटरिंग व किसी ट्रक के सामान आदि की होगी। लेकिन सायं जब उनका बेटा घर आया तो बाहर लगे शीशे पर निशान देख हैरान रह गया। उसने तुंरत घर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा जिससे पता चला कि गुरूद्वारे वाले रोड से मोटरसाइकिल पर 2 युवक उनके घर की ओर आए। एक युवक ने मोटसाइकिल से उतरते हुए घर पर फायर किए। तथा चंद सेकंडों में ही दोनों युवक वहां से फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद लबाना ने एसपी अंबाला को मामले जानकारी दी। कुछ ही देर बाद डीएसपी जोगिन्द्र सहित अनेक पुलिसकर्मी वहां पर पहुचें।



# सरकार पिराई सीजन की गन्ने की बकाया पेमेंट का ब्याज सहित करें भुगतान: रतन

## प्रदेश के सभी शुगर मिलों में बकाया पेमेंट को लेकर किसानों देंगे धरना 2 मई को

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से चालू पिराई गन्ना सीजन 2022-23 के गन्ने के बकाया का ब्याज सहित भूगतान किया जाए। यह मांग शुक्रवार को स्थानीय किसान भवन में भाकियू के तत्वाधान में आयोजित की गई प्रदेश स्तरीय मासिक किसान पंचायत में की गई। उन्होंने कहा कि अगर इस माह के अंत तक गन्ना किसानों का सही तौर पर भूगतान नही किया गया तो आने वाली 2 मई को प्रदेश की सभी शुगर मिलों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम शुगर मिलों के प्रबंध निदेशकों को ज्ञापन सौंपे जाएगें। किसान पंचायत में उपस्थित किसानों ने एक स्वर में कहा कि सरकार गन्ने के भूगतान को सही समय पर न करके किसानों को परेशान कर रही है। किसान पंचायत की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सोनू मालपूरिया ने की। किसान पंचायत में कई जिलों के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने भाग लिया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि अगर शुगर मील गन्ने का 14 दिनों तक भूगतान करने में विफल रहती है तो 15 प्रतिशत की ब्याज दर पर भूगतान करने के कानूनी तौर पर बाध्य है।
प्रदेश में गन्ना मूल्य का भूगतान मात्र एक प्राईवेट सेक्टर की गन्ना मील को छोड़ कर बाकि मिलों द्वारा एक से दो माह औसतन देरी से किया जा रहा है। मान ने कहा कि यमुनानगर की सरस्वती शुगर मील द्वारा करीब 8-10 दिन की अवधि के अंदर भूगतान किया जा रहा है।
इस अवसर पर प्रदेश संगठन सचिव शाम सिंह मान, करनाल जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन, पानीपत जिलाध्यक्ष सोनू मालपूरिया, कुरूक्षेत्र जिलाध्यक्ष मदन पाल बपदा, यमुनानगर जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर, जींद के उपाध्यक्ष राममेहर सिंह, सत्यनारायण सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।



# नागरिक अस्पताल में बेहतर होगी बिजली आपूर्ति सुविधा, 26 लाख का बजट पास

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नागरिक** अस्पताल सोनीपत में बिजली किल्लत दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से डेढ साल पुरानी डिमांड को अप्रूवल किया गया है। विभाग की तरफ से बीएंडआर को 26 लाख रुपये की राशि को ट्रांसफर किया है। विभाग की तरफ से अस्पताल में जल्द से जल्द वीसीबी स्थापित किया जायेगा। जिसके बाद अस्पताल में बढ़ने वाले लोड को नियंत्रित किया जा सकेगा। वहीं बिजली सप्लाई को बेहत्तर व सुरक्षित तरीके से सप्लाई किया जा सकेगा। बता दें कि नागरिक अस्पताल में 11 हजार वोल्ट की लाइन का वीसीबी लगाने के लिए अस्पताल प्रबंधन ने स्वास्थ्य विभाग को भेजा गया था। उक्त प्रारूप को करीब डेढ साल पहले भेजा गया था। विभाग की तरफ से प्रारूप को हरीझंडी मिल गई है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से पैनल स्थापित करने के लिए बनने वाले प्रारूप को तैयार करने के लिए बीएंडआर को 26 लाख रुपये का बजट भेज दिया है। अस्पताल परिसर में बनने वाले वीसीबी की प्लालिंग से एचपी लाइन को सुरक्षा मिलेगी। इसके लगने से पूरे अस्पताल की बिजली एकदम से नहीं जाएगी। यही नहीं फाल्ट में कमी आएगी ओर आगजनी से भी बचाव होगा।

**जल्द टेंडर लगने की उम्मीद, बेहत्तर होगी बिजली आपूर्ति-** नागरिक अस्पताल में हर साल लोगों की सुविधा के लिए जरूरी यूनिट स्थापित की जा रही है। जिसके चलते अस्पताल में बिजली आपुर्ति व लोड का बढ रहा है। विभाग की तरफ से लोड को अलग-अलग हिस्सों में बांटने के लिए परेशानी आ रही थी।

**8 नागरिक अस्पताल में 11 हजार वोल्ट की लाइन का वीसीबी लगाने के लिए अस्पताल प्रबंधन ने स्वास्थ्य विभाग को भेजा गया था**

# जंतर-मंतर: पहलवानों की आवाज बुलंद की...

## आवाज बुलंद करने पहुंची मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज भी मौजूद, जंतर-मंतर पर भारतीय कुश्ती महासंघ अध्यक्ष और कोच के खिलाफ धरने पर बैठे पहलवान

### मिला साथ

= पहलवानों से बातकर नारेबाजी भी की। मंत्री आतिशी के साथ-साथ मंत्री सौरभ भारद्वाज भी जंतर मंतर पहुंचे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**जंतर** मंतर पर भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों का धरना प्रदर्शन जारी है। इस प्रोटेस्ट में पहलवानों का साथ देने के लिए दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी भी पहुंचे। आतिशी ने जंतर मंतर पहुंचकर पहलवानों से बातचीत की। उन्होंने पहलवानों से बातकर नारेबाजी भी की। मंत्री आतिशी के साथ-साथ मंत्री सौरभ भारद्वाज भी जंतर मंतर पहुंचे। दोनों ही मंत्रियों ने पहलवानों के साथ खड़े होने की बात कही। आतिशी ने कहा कि पूरे देश में बेटियों को न्याय दिलाने के लिए आवाज उठा रहे हैं।





### पहलवानों ने अध्यक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

**पहलवानों** ने आरोप लगाया है कि शिकायत देने के बावजूद पुलिस सुनने को तैयार नहीं है। पुलिस बृजभूषण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने को तैयार नहीं है। सोमवार को देर रात भारतीय खेल प्राधिकरण (रअक साई) के उप महानिदेशक शिव शर्मा पहलवानों से मिलने पहुंचे। गौरतलब है कि महिला पहलवानों ने जनवरी महीने में अध्यक्ष पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। साथ ही कई दिनों तक धरना प्रदर्शन भी किया था। विनेश ने कहा कि पुलिस को सात लड़कियों ने बृजभूषण के खिलाफ शारीरिक शोषण की शिकायत दी।

**जंतर-मंतर पर पहलवानों से मिलने जाएंगे सीएम केजरीवाल:** जंतर-मंतर पर भारतीय कुश्ती महासंघ अध्यक्ष और कोच के खिलाफ धरने पर बैठे पहलवानों का समर्थन करने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पहुंचेंगे। सीएम केजरीवाल शनिवार को जंतर मंतर पहुंचेंगे।

**'बेटियों को न्याय दिलाने के लिए कोई भी कुर्बानी** देंगे: दीपेंद्र **हुड्डा:** भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरना दे रहे खिलाड़ियों को अब अन्य खिलाड़ियों और राजनेता का साथ मिल रहा है। शुक्रवार को पहलवानों के समर्थन में राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा जंतर-मंतर धरने में शामिल होने पहुंचे।

**'न्याय के लिए दे देंगे कोई भी कुर्बानी:** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा पहलवानों के साथ धरने में शामिल होकर कहा- आने वाले वक्त में लिखा जाएगा कि खिलाड़ियों के साथ अन्याय हुआ है और सरकार ने खिलाड़ियों की बात को अनदेखा करते हुए उनकी गुहार को भी अनदेखा किया है। यह अन्याय सभी देशवासियों के साथ किया जा रहा है। सरकार की नियत पर प्रश्नचिन्ह उठता है... बेटियों को न्याय दिलाने के लिए कोई भी कुबार्नी देंगे...। बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट सहित देश के शीर्ष पहलवानों का धरना जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे खिलाड़ी और लोग उनके समर्थन में आते जा रहे हैं।

अब देश को टेनिस में कई खिताब दिलाने वाली स्टार सानिया मिर्जा ने भी ट्वीट कर पहलवानों का समर्थन किया है और उन्होंने इसको बेहद संवेदनशील मामला बताया है।

# मेट्रो में लड़की के सामने युवक ने की अश्लील हरकत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** मेट्रो में लड़की के बगल में बैठकर एक युवक ने अश्लील हरकत की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। अश्लील हरकत करने वाले युवक पर सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने दिल्ली पुलिस और दिल्ली मेट्रो को नोटिस भेजा है। डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा कि नोटिस में उन्होंने मेट्रो और पुलिस अधिकारियों से कहा है कि वह इस मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने युवक की हरकत को शर्मनाक बताया है।

### वीडियो वायरल

= एक लड़की ने चुपके से अपने मोबाइल में रिकार्ड कर लिया था, जिसे बाद में सोशल मीडिया में वायरल कर दिया

युवक की इस शर्मनाक हरकत को एक लड़की ने चुपके से अपने मोबाइल में रिकार्ड कर लिया था, जिसे बाद में सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।



एक्शन में शिक्षा मंत्री आतिशी- पुल प्रह्लादपुर स्थित एमसीडी स्कूल का किया औचक निरीक्षण।

# छात्र का शव मिलने के बाद लोगों का हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दक्षिण-पूर्वी जिले** के बदरपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम एक छात्र का शव मिलने के बाद शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने न्याय की मांग की है। दरअसल, बदरपुर थाना क्षेत्र के एक स्कूल में पढ़ने वाले छात्र का शव बीते दिन क्षेत्र के खदान में मिला था, जिसके बाद शुक्रवार सुबह लोगों ने क्षेत्र के एनटीपीसी गेट के बाहर प्रदर्शन किया। मामले को देखते हुए दिल्ली पुलिस के जवान मौके पर तैनात हैं। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, नौवीं में पढ़ने वाला छात्र बीते दिन स्कूल गया था और जब वह वापस घर नहीं आया, तो उसकी शिकायत परिजनों ने थाने में दी। इसके बाद बदरपुर थाने की तरफ से रात 9 बजे फोन आया कि खदान में छात्र का शव मिला है।





### बाहर प्रदर्शन किया

= बदरपुर थाना क्षेत्र के एक स्कूल में पढ़ने वाले छात्र का शव बीते दिन क्षेत्र के खदान में मिला था

# नौकरी गई तो हिंदू कॉलेज के तदर्थ शिक्षक ने जान दी, छात्र-शिक्षक राजनीति गरमाई

### राजनीति

= शुरूआती जांच में पता चला कि हिंदू कॉलेज में हाल ही में उनकी जगह किसी दूसरे को नियुक्त किया गया था

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**हिंदू कॉलेज** के तदर्थ शिक्षक रहे समरवीर ने संदिग्ध परिस्थितियों में खुदकुशी कर ली। शव रानी बाग स्थित घर में फंदे पर लटका मिला। शुरूआती जांच में पता चला कि हिंदू कॉलेज में हाल ही में उनकी जगह किसी दूसरे को नियुक्त किया गया था। परिजनों ने बताया कि इसके बाद से वे अवसाद में थे। हालांकि, कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस खुदकुशी मानकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, बुधवार को डीटीसी अपार्टमेंट रानीबाग में ऊपरी मंजिल पर एक युवक के फांसी लगाए जाने की जानकारी मिली। एक कमरे में लोहे का दरवाजे के साथ लकड़ी का दरवाजा लगा हुआ था। दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिसकर्मी किसी तरह दरवाजा खोलकर कमरे में घुसे जहां समरवीर चादर की मदद से पंखे से लटके हुए मिले। घटनास्थल पर पुलिस ने क्राइम और एफएसएल टीम को बुलाकर जांच करवाई। मूलरूप से राजस्थान निवासी समरवीर की शादी भी नहीं हुई थी।



# दिल्ली होगी ड्रग्स मुक्त, उपराज्यपाल ने की बैठक

## उपराज्यपाल सक्सेना ने समन्वय समिति की बैठक में दिये सख्त निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उपराज्यपाल** ने नेशनल नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन (एनसीओआरडी) की राज्यस्तरीय समिति की 5वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिल्ली को ड्रग्स मुक्त बनाने के लिए अधिकारियों को सख्त कदम उठाने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों के आसपास मादक पदार्थ बेचने वालों पर शिकंजा कसने के लिए हॉटस्पॉट की पहचान कर कार्रवाई की जाए। अगर नशीले पदार्थों की तस्करी में किसी संपत्ति का इस्तेमाल होता है तो उसे सील कर ध्वस्त किया जाए। साथ ही, स्कूल-कॉलेज में दाखिले के लिए विद्यार्थियों से ड्रग्स के खिलाफ ई-शपथ भी लेना होगा। रेस्तरां, पब और होटलों को भी लाइसेंस के लिए ई-शपथ अनिवार्य होगा।





सभी एजेंसियों को नशे के कारोबार को पूरी तरह खत्म करने के लिए मिशन मोड में काम करना होगा। दिल्ली में ड्रग्स तस्करी के कारोबार को पूरी तरह खत्म करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की सभी एजेंसियों को मिलकर सक्रिय भागीदारी निभाने की जरूरत है। ड्रग्स तस्करी केवल अपराध ही नहीं है, बल्कि यह देश को कमजोर करने के लिए अंतरराष्ट्रीय साजिश का हिस्सा है। उन्होंने हॉटस्पॉट की पहचान कर संबंधित एजेंसियों को हर हाल में ड्रग्स के कारोबार को खत्म करने के निर्देश दिए। खासतौर पर स्कूल और कॉलेजों के आसपास ड्रग्स की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कहा, ताकि युवा ड्रग्स की चपेट में न आएं। उन्होंने दिल्ली पुलिस को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि राजधानी में स्कूल-कॉलेजों के पास के इलाकों में पान की दुकानें और क्योस्क-रेहड़ी पटरियों पर छापे मारकर नशीले पदार्थ बेचने वालों पर कार्रवाई करें। हाल के दिनों में देखा गया है कि स्कूल-कॉलेजों के पास छोटी-छोटी रेहड़ी-पटरियों से इनकी बिक्री होती है। पुलिस हॉटस्पॉट की पहचान कर ब्योरा सौंपे।

### बैठक

= अगर नशीले पदार्थों की तस्करी में किसी संपत्ति का इस्तेमाल होता है तो उसे सील कर ध्वस्त किया जाए

**इमारतों को सील कर ध्वस्त करें:** ड्रग माफिया को खत्म करने के लिए पुलिस समेत संबंधित एजेंसियों से उपराज्यपाल ने कहा कि ऐसी कोई भी इमारत जहां से ड्रग्स कारोबार चल रहा है, उन्हें सील कर ध्वस्त करें।

# मंडियों का होगा कायाकल्प विकास के लिए 517.94 करोड़ का बजट पास

### विकसित होंगी

= गाजीपुर, आजादपुर, टिकरी खामपुर समेत सभी मंडियों की कई नई परियोजनाओं को गति मिलेगी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी की** मंडियां अब और विकसित होंगी। बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ ही इसका विस्तार भी किया जाएगा। सरकार ने इसके विकास पर 517 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने का निर्णय लिया है। इससे गाजीपुर, आजादपुर, टिकरी खामपुर समेत सभी मंडियों की कई नई परियोजनाओं को गति मिलेगी। मुर्गा मंडी का होगा कायाकल्प तो फूल मंडी को भी और बेहतर लुक मिलेगा। मंडियों के विकास को लेकर दिल्ली कृषि विपणन बोर्ड और कृषि उत्पाद बाजार के अधिकारियों के साथ मंत्री गोपाल राय ने संयुक्त बैठक की दिल्ली सचिवालय में आयोजित बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मंडियों के विकास को लेकर बोर्ड ने कुल 517.94 करोड़ रुपये का बजट पारित किया। इस बजट में लगभग 206.37 करोड़ रुपये एपीएमसी आजादपुर, 17.40 करोड़ रुपये फल/सब्जी मंडी गाजीपुर, 16.31 करोड़ रुपये एफपी एंड ईएमसी गाजीपुर, 8.50 करोड़ रुपये फूल मंडी गाजीपुर, 19.70 करोड़ रुपये एपीएमसी केशोपुर, 43.02 करोड़ रुपये एपीएमसी नरेला, 4.42 करोड़ रुपये एपीएमसी नजफगढ़ के लिए और 202.19 करोड़ रुपये डीएएमबी को आवंटित किया गया। बैठक के बाद शहरी विकास मंत्री गोपाल राय ने बताया कि 102 करोड़ की लागत से मुर्गा मंडी के नवीनीकरण का काम किया जाएगा। टिकरी खामपुर थोक मंडी के निर्माण के साथ फल और सब्जी मंडी और पोल्ट्री मार्किट, गाजीपुर के विकास और गाजीपुर फूल मंडी के नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा। आजादपुर मंडी में शेड नंबर 7 के नवीनीकरण के लिए 20 करोड़ का बजट भी आवंटित किया गया है। दिल्ली सरकार मंडियों के विकास, विस्तार और बेहतर बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। यह सभी फैसले दिल्ली के किसानों की भलाई और मंडियों की बेहतरी को ध्यान में रखते हुए लिए गए है।



# एयरपोर्ट पर बम होने की झूठी सूचना देने वाला यूपी से गिरफ्तार


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस ने शुक्रवार को यूपी के रहने वाले एक 20 वर्षीय व्यक्ति को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बम की झूठी अफवाह फैलाने के आरोप तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 4 दिनों पहले आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन पीसीआर कॉल मिली थी, जिसमें एक व्यक्ति ने एयरपोर्ट पर बम होने की झूठी सूचना दी थी। झूठी सूचना देने वाले आरोपित को 4 दिनों के बाद आज शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है।

**झूठी सूचना के बाद स्विच ऑफ किया फोन:**

उन्होंने कहा कि पुलिस ने अपनी जांच के दौरान पाया कि कॉल उत्तर प्रदेश से की गई थी और नंबर हापुड़ निवासी जाकिर नाम के व्यक्ति के नाम पर दर्ज था। अधिकारी ने बताया कि उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा हैं आपके साथ



Ultra Modern Facilities Available
- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध
- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच





आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे

DR RV SINGH (MBBS/ MS)

RVS EYE CENTER

Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre

BFH-9, SOM BAZAR ROAD,
SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606

MEDICAL FACILITIES AVAILABLE

ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES

# गहलोत ने तिहाड़ में रोटी बनाने वाली ई मशीन का उद्घाटन किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के गृह मंत्री कैलाश गहलोत ने आज तिहाड़ जेल का अहम दौरा किया। अपने दौरे के दौरान, उन्होंने जेल नंबर 1 में एक नई इलेक्ट्रॉनिक रोटी बनाने वाली मशीन का उद्घाटन किया, जो प्रति घंटे 1000 रोटी बना सकती है। इस नई मशीन से जेल के किचन स्टाफ और कैदियों को काफी फायदा होगा। इलेक्ट्रॉनिक रोटी बनाने वाली मशीन के अलावा, गृह मंत्री ने जेल नंबर 2 में एक जेरियाट्रिक फिटनेस सेंटर का भी उद्घाटन किया। यह केंद्र विशेष रूप से वृद्ध कैदियों के लिए बनाया गया है। इस केंद्र में वृद्ध कैदी प्रशिक्षित प्रशिक्षक की देखरेख में उपकरणों के साथ फिटनेस प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। यह सुविधा बुजुर्ग कैदियों को उनके फिटनेस स्तर में सुधार करने में मदद करेगी। यह भारत के किसी भी जेल में अपनी तरह का पहला केंद्र है और बुजुर्ग कैदियों को बेहतर देखभाल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
एक बयान में, गृह मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, "दिल्ली में जेल की स्थिति में सुधार के लिए दिल्ली सरकार के चल रहे प्रयासों के तहत आज मैंने एशिया के सबसे बड़े जेल परिसर तिहाड़ जेल का दौरा किया और वहां रोटी बनाने की मशीन का शुभारंभ किया। यह नई मशीन दिल्ली सरकार द्वारा कैदियों को पौष्टिक और पर्याप्त भोजन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा तिहाड़ जेल में जेरियाट्रिक फिटनेस सेंटर की शुरूआत से बुजुर्ग कैदियों को अपनी फिटनेस में सुधार करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार जेल सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति में सुधार की क्षमता है, और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन्हें ऐसा करने के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करें। मुझे विश्वास है कि हमारी सरकार, जेल अधिकारियों और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से हम अधिक न्यायपूर्ण और समतामूलक समाज का निर्माण कर सकेंगे।" इस दौरान कैलाश गहलोत ने तिहाड़ जेल स्थित बुनाई, बढ़ईगीरी, बेकिंग, कताई, पेंटिंग, नमकीन, कागज और सरसों के तेल की इकाई वाले कारखाने का भी दौरा किया। उन्होंने तिहाड़ जेल के बहुउद्देशीय हॉल का भी दौरा किया। उन्होंने कैदियों द्वारा किए जा रहे उच्च गुणवत्ता वाले कार्यों की प्रशंसा की और कैदियों के पुनर्वास में उनके प्रयासों के लिए जेल अधिकारियों की प्रशंसा की। गृह मंत्री कैलाश गहलोत का तिहाड़ जेल का यह दौरा केजरीवाल सरकार की दिल्ली की जेलों की स्थिति में सुधार सुनिश्चित करने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। जेल सुधार के लिए दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता सराहनीय है और उनका तिहाड़ जेल का दौरा इस दिशा में एक सकारात्मक कदम है।





# मासूम को पढ़ाने आता था घर, मां गई बाहर तो की थी घिनौनी करतूत

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद**
छह साल बाद मासूम के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास के दोषी को अदालत ने 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अभियुक्त को 25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।
मामला गाजियाबाद के खोड़ा थाना क्षेत्र का है। विशेष लोक अभियोजक सतीश शर्मा ने बताया खोड़ा निवासी एक व्यक्ति की सात वर्षीय बेटी को पड़ोस में रहने वाला राम बहादुर शर्मा उसके घर पर ट्यूशन पढ़ाने आता था। राम बहादुर शर्मा मूलरूप से बिहार के समस्तीपुर का रहने वाला है। 23 नवंबर 2017 की शाम को राम बहादुर बच्ची को ट्यूशन पढ़ाने के लिए घर आया था। बच्ची जब ट्यूशन पढ़ रही थी, उसकी मां पड़ोस की दुकान से कुछ सामान लेने के लिए चली गई। वापस आने पर देखा कि राम बहादुर शर्मा बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास कर रहा है।
बच्ची की मां ने उसी समय फोन पर यह बात अपने पति को बताई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोगों इकट्ठे हो गए। उन्होंने ट्यूटर राम बहादुर शर्मा को मौके पर पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

# कार में मिला विस्तारा एयरलाइंस के मैनेजर का शव

**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा।** बिसरख कोतवाली क्षेत्र की ला रेजिडेंसिया सोसाइटी में खड़ी कार में विस्तारा एयरलाइंस के मैनेजर का शव मिला। शव के पास से पुलिस को एक दवा का पत्ता, ब्लैक हिट और सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संभावना जताई जा रही है कि नशीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की गई है। पुलिस की टीम विभिन्न दृष्टि से मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि सोसायटी में निशांत(32) अपने पिता के साथ रहते थे। वह गुरुग्राम में विस्तारा एयरलाइंस में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। वह कृष्णा नगर,





थाना कृष्णा नगर दिल्ली-51 में रहते थे। लगभग दो वर्ष पूर्व वह ला रेजिडेंसिया सोसाइटी में शिफ्ट हुए थे। वह बृहस्पतिवार को कार्यालय जाने के लिए घर से निकलते थे, लेकिन कार्यालय नहीं पहुंचे थे। शुक्रवार लगभग दस बजे लोगों ने सूचना दी कि दूसरे व्यक्ति की पार्किंग में खड़ी कार में एक व्यक्ति बेहोश पड़ा है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। कार अंदर से बंद थी। सूचना के बाद मृतक के पिता कार की दूसरी चाबी लेकर पहुंचे। जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि वह चालक की सीट पर मृत पड़े थे। बगल की सीट पर एक दवा का पत्ता व ब्लैक हिट रखा था। दवा का पत्ता नींद की गोली का बताया जा रहा है। संभावना जताई जा रही है कि मृतक ने नींद की अधिक गोली या जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की है। पुलिस ने बताया कि निशांत अपने पिता चंदर मोहन के साथ रहते थे। चंदर मोहन सीए हैं। लगभग एक वर्ष पूर्व चंदर मोहन की पत्नी ने बिल्डिंग से कूद कर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद निशांत की पत्नी बच्चे को लेकर कोटा अपने मायके चली गई थी। इस कारण उनका अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। घर में निशांत व उनके पिता अकेले रहते थे।

# लड़ाई में बीच बचाव करने पहुंचे युवक को मारी गोली, मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बाहरी दिल्ली के गांव बाजीतपुर में शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि युवक महिलाओं के बीच हुए झगड़े में बीचबचाव करने के लिए पहुंचा था, जहां आरोपित ने उसने गोली मार दी। गोली लगने से घायल युवक को नजदीकी महर्षि वाल्मीकि अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के घर पहुंची सीबीआई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सीबीआई की एक टीम शुक्रवार को कथित बीमा घोटाले की जांच के सिलसिले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंची। अधिकारियों के मुताबिक टीम उनके दावों पर उनसे स्पष्टीकरण लेने पहुंची थी। जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 11.45 बजे दिल्ली के सोम विहार इलाके में स्थित पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के घर पर टीम पहुंची। अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई कथित बीमा घोटाले की जांच के सिलसिले में उनसे पूछताछ की।
उन्होंने कहा कि मलिक अब तक मामले में आरोपी या संदिग्ध नहीं हैं। सात महीने में यह दूसरी बार है जब विभिन्न राज्यों के राज्यपाल रह चुके मलिक से केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) पूछताछ की। सीबीआई की टीम करीब 4.45 बजे उनके आवास से लौट गई।

# हेलो! 3 दिन से बंद बिल्डिंग से आ रही बदबू...'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में एक महिला की बेडशीट में लपेटी हुई लाश मिली है। लाश को एक बॉक्स में रखा था, जो एक डबल बेड में रखा हुआ था। मामला मैदान गढ़ी थाना क्षेत्र का है। जिस फ्लैट में ये लाश मिली है, उसमें तीन दिन से ताला लगा हुआ था। फ्लैट के मालिक, रविंदर सहरावत का कहना है कि उसने दिसंबर 2021 में एक नाइजीरियाई नागरिक ओबिनोज अलेक्जेंडर को अपना फ्लैट किराए पर दिया था।


## उत्तर रेलवे
### शुद्धि-पत्र

संदर्भ: निविदा सूचना क्रमांक 08/2023-24 दिनांक 24.04.2023
निविदा संख्या 16234269 दिनांक 22.05.2023 को देय
उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, कथित शुद्धपत्री अनुसूची रखी है और निविदा में शामिल की गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित ही रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 1284/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्या: Dy-CE-C-II-JHS-2023-03 दिनांक: 27.04.2023

### ई-निविदा सूचना

उप मुख्य इंजीनियर / निर्माण-II / झाँसी, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा, निविदा बंद होने की **दिनांक 22.05.2023 को 15.00 बजे तक** आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | Dy-CE-C-II-JHS-2023-03 |
| कार्य का नाम | महोबा-खजुराहो-ललितपुर दोहरीकरण (229 किमी) के लिए Final Location Survey के सहित डिज़, विस्तृत लागत अनुमान और बिल ऑफ क्वांटिटी (बीओक्यू), भूमि अधिग्रहण, विस्तृत स्थलाकृतिक सर्वेक्षण करके अन्य सहायक गतिविधियों के साथ-साथ पूर्ण 3डी फोटोग्रामेट्री और डीटीएम (डिजिटल टेरेन मॉडल) की स्थापना आधुनिक सर्वेक्षण प्रौद्योगिकियां जैसे कि LIDAR/DGPS आधारित एकीकृत ड्रोन आदि और AUTOCAD प्रणाली द्वारा संपन्न। |
| अनुमानित लागत (रूपये) | ₹ 4,35,79,101.78 |
| धरोहर राशि (रूपये) | ₹ 3,67,900.00 |
| कार्य पूर्ण होने की अवधि | 06 (छ:) माह हार्वेस्ट एवं मानसून सहित। |
| वैधता की अवधि | 60 दिन। |
| निविदा बंद होने का दिनांक व समय | 22.05.2023 को 15.00 बजे। |

पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। 646/23 (A)
North central railway | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## उत्तर रेलवे
### खुली निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल अभियंता द्वितीय रेलवे नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए दिनांक 26.05.2023 को 15:00 बजे खुलेगी, नई निविदा आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के निविदा कक्ष में खोली जाएगी।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | A वरिष्ठ मण्डल अभियंता द्वितीय / दिल्ली के खण्ड में 110 किमी / घंटा से 130 किमी/घंटा तक की गति बढ़ाने के लिए 5 किमी की चारदीवारी बनाने हेतु कार्य। |
| अनुमानित लागत | 07A-23-24-W-2- IREPS पर निविदा सूचना के अनुसार |
| धरोहर राशि | 07A-23-24-W-2- IREPS पर निविदा सूचना के अनुसार |
| कार्य समापन अवधि | 07A-23-24-W-2- IREPS पर निविदा सूचना के अनुसार |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | 07A-23-24-W-2- IREPS पर निविदा सूचना के अनुसार |
| समान कार्य की परिभाषा | 07A-23-24-W-2- IREPS पर निविदा सूचना के अनुसार |

नोट:- 1. निविदा प्रपत्र रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in 12.05.2023 से 26.05.2023 को 15.00 बजे तक डाउनलोड कर सकते है। 2. निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी टेंडर दस्तावेज में देख सकते है।
NIT No. 07A-23-24-W-2 दिनांक: 26.04.2023. 1260/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### ई-निविदा (ई-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता /III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल ने ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | एडीईएन/डीएसआई के तहत एसएसई/पी.वे/एसएसबी में वर्ष 2023-24 के लिए ट्रैक कार्य के रखरखाव के लिए वार्षिक जोन। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | Rs. 89,99,939.07 (रूपये नवासी लाख निन्यानवे हजार नौ सौ उनतालीस और सात पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रूपये) | Rs. 1,80,000/- (रूपये एक लाख अस्सी हजार मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 19.05.2023 को 15.00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04-200-32 |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाएं स्वीकृत नहीं की जाएंगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।
सं :128-W/280/ई-निविदा सूचना/09/2023-24/W-3
दिनांक: 27.04.2023 1277/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

ई-एडवरटाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 22/ईटी/2023-24 दिनांक: 27.04.2023

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 05231042 | 9 के.वी.ए 750वी./415वी./190वी एसी, अंडर स्लंग टाईप डिस्ट्रिब्यूशन ट्रांसफार्मर | 170 सेट | 18.05.2023 |
| 02 | 05231041 | बैटरी बाक्स असेम्बली | 798 नग | 22.05.2023 |
| 03 | 07231232 | इक्स्ट्रा हाई प्युरिटी नाइट्रोजन गैस टू बी सप्लाईड इन पैक्स ऑफ 16 सिलेंडर | 98213 क्यूबिक मीटर | 25.05.2023 |
| 04 | 12231086 | सेन्टरिंग डिस्क फॉर प्राईमरी सस्पेंशन | 3535 नग | 24.05.2023 |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/रीज

ई-निविदा सूचना सं. इलेक्ट-पीएस-20562 दिनांक 27.04.2023
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस/एमसीएफ/आरबीएल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु वांछित प्रोफार्मा पर योग्य निविदाकारों से एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई-निविदा भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। विवरण :- 1. **कार्य का नाम** : आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना लालगंज रायबरेली में विभिन्न कार्यालयों कार्यालय भवन और ओआरएच में ऑक्यूपेंसी सेंसर का प्रावधान। 2. **कार्य स्थल** : आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना लालगंज रायबरेली। 3. **अनुमानित लागत** : ₹ 49,71,426.00 (₹ उन्चास लाख इकहत्तर हजार चार सौ छब्बीस मात्र)। 4. **अमानत राशि** : ₹ 99,400.00 (₹ निन्यानवे हजार चार सौ मात्र)। 5. **कार्य समाप्ति की अवधि** : 03 (तीन माह)। 6. **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 26.05.2023 को 11.30 बजे। 7. **अन्य शर्तें** : अन्य विवरण एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।
Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in
उप मुख्य विद्युत अभियंता/पावर सप्लाई
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना
ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | | |
|---|---|---|
| एन.आई.टी. | 04-A & B-2023-24-डब्ल्यू-5 | |
| काम का नाम (स्थान के साथ) | A. एस०एस०ई०/डब्ल्यू०/गुड़गाँव के अधीन दिल्ली सराय रोहिल्ला-रेवाड़ी सेक्शन के बीच संवेदनशील अतिक्रमण वाले स्थानों (20 किमी) पर आर०सी०सी० चारदीवारी का निर्माण कार्य। समान कार्य की प्रकृति : प्रिकास्ट आर०सी०सी०/पी०एस०सी० कार्य। B. सहायक अभियंता/दिल्ली सराय रोहिल्ला के अधीन एस०एस०ई०/पी०वे०/गुड़गांव के सेक्शन में TTR(TWS + WCMSC)-79 सेट (1:12 – 76 सेट और 18.5 – 3 सेट) पी०एस०सी० स्लीपरों पर प्वाईंटस और क्रॉसिंग का पूर्ण नवीनीकरण। समान कार्य की प्रकृति : सी०टी०आर०/टी०आर०आर०/टी०एफ०आर०/टी०टी०आर० जिसमें ट्रैक का उठान, स्क्रीनिंग गहरा करना, ट्रैक की छिता, ट्रैक मेंटेनेंस मशीन के लिए प्री और पोस्ट के काम जैसे टैंपिंग मशीन/ बैलास्ट स्क्रीनिंग/रेगुलेटिंग मशीन और टी-28 द्वारा टीटीआर का कार्य शामिल है। | |
| काम की अनुमानित लागत (रूपये) | A. ₹13,71,61,311.63 | B. ₹4,17,54,048.63 |
| अग्रिम राशि (रूपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा) (नोट: रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2016/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए ईएमडी के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा)। A. ₹8,35,800/- | B. ₹3,58,800/- |
| काम की समाप्ति अवधि | A. 10 महीने | B. 06 महीने |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 23.05.2023 को 15:00 बजे तक तथा 23.05.2023 को 15:00 बजे निविदा खुलना है | |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। | |

सं: 128-W/280/OET/2023-24/W-V/NIT-04-A & B दिनांक: 28.04.2023 1282/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### पुनः निविदा सूचना- ई-टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| क्र. सं. | निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32-W-MB-BR-9 Dt. 27.04.2023 | सहायक अधि. अभि. पुल/पुल/मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार में पुल संख्या 9 (10x18.30 मी.) के शेष पुनः गर्डरिंग का कार्य। | रु. 67,91,894.87 | रु. 1,35,800.00 | 3 (तीन) महीने | दिनांक 22.05.2023 को 15.00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15.00 बजे के पश्चात। |
| 2 | 32-W-MB-BR-30 Dt. 27.04.2023 | अधि. अभि. पुल लाइन/मुरादाबाद के अधिकार क्षेत्र में पुल संख्या 30 (5x18.30 मी.)+(1x38.6 मी.) के पुन गर्डरिंग का कार्य। | रु. 1,41,26,490.57 | रु. 2,20,600.00 | 8 (आठ) महीने | दिनांक 22.05.2023 को 15.00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15.00 बजे के पश्चात। |
| 3 | 32-W-DLI-BR-15A-15 Dt. 27.04.2023 | सहायक अधि. अभि. पुल लाइन विशेष/तिलक ब्रिज अधिकार क्षेत्र में पटेल नगर-कीर्ति नगर स्टेशन के बीच पुल संख्या 15(3x9.15 मी.) नॉर्थ लाइन, 15(3x12.20 मी.) UP & DN, 15A(4x9.15 मी.) UP और DN साउथ लाइन को ऊपर उठाना और पुल संख्या 15 नार्थ लाइन के बुरी तरह से खराब/विदित सदस्यों को मजबूत करना और बदलना, के विभिन्न घटकों की कीलक का कार्य। | रु. 75,23,261.59 | रु. 1,50,500.00 | 6 (छह) महीने | दिनांक 22.05.2023 को 15.00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15.00 बजे के पश्चात। |

नोट: उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व डाउनलोड किया जा सकता है। 1287/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हैल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। रुद्राश
**9815119633, 9855577523**
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राइवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नाम परिवर्तन

**मैं कमलेश W/O पुरन चंद 1058/69 देवा राम पार्क, ओंकार नगर, त्रि नगर ये घोषणा करती हूँ कि कमलेश एवं कलावती दोनों एक ही महिला हैं। भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए मुझे कलावती के नाम से ही जाना जायेगा।**

## सार्वजनिक सूचना

**मैं नितिन पाण्डेय पुत्र शीतला प्रसाद पाण्डेय, निवासी-656-ए 69, सीमंत नगर, कंचन विहारी मार्ग, कल्याणपुर, विकास नगर, लखनऊ, उ०प्र० का हूँ जो कि शपथ पूर्वक निम्न बयान करता हूँ :-मेरा नाम बैंक खातों में विपिन कुमार है जो कि गलत है जबकि बाकी दस्तावेजों में मेरा नाम नितिन पाण्डेय है जो कि सही है। यह कि नितिन पाण्डेय एवं विपिन कुमार ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मुझे नितिन पाण्डेय के नाम से जाना जायें।**

## बेदखली सूचना

**मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं।** मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2**, पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

हम जो कि सतीश पुत्र अतर सिंह व सीमा पत्नी अतर सिंह निवासी गाँव पतला उप तहसील राई तहसील व जिला सोनीपत बयान करते हैं कि हमारा सगा पुत्र गिरराज व उसकी पत्नी नेहा मेरे व परिवार के कहने सुनने से बाहर है तो दोनों अपनी मनमानी करते हैं। हम उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल व संबंध विच्छेद करते है। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त दोनों से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा हमारी व परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल उदय प्रदाप पुत्र स्व. मजोल लाल व चंदा पत्नी मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक, नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृपया उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## न्यूज फ्लैश

### प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में स्केटिंग में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**गन्नौर।** **प्रयास** इंटरनेशनल स्कूल में इंटर हाउस इनलाइन स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी के मिलन होराइजन हाउस ने प्रथम स्थान, आर्यन एलिट हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में टाइटन हाउस के यश ने प्रथम ,आयुष्मान पायोनियर हाउस के आदित्य ने द्वितीय ,टाइटन हाउस के अनिरुद्ध ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एडजेस्टेबल स्केटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 4 व 5 के छात्रों में से एलिट हाउस के ध्रुव ने प्रथम ,होराइजन हाउस के आरव ने द्वितीय, टाइटन हाउस के नितेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छठी से आठवीं के छात्रों के लिए क्वार्ढ़ज स्केटिंग प्रतियोगिता में टाइटन हाउस के रितिक ने प्रथम ,लविश होराइजन हाउस ने द्वितीय और होरइजन हाउस के यथार्थ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छठी सातवीं के लिए इनलाइन स्केट्स प्रतियोगिता में एलिट हाउस के लक्षित ने प्रथम ,एलिट हाउस के हरिओम ने द्वितीय और होराइजन हाउस के मनन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौवीं से बारहवीं के छात्रों के लिए क्वॉड स्केट्स प्रतियोगिता में होराइजन हाउस के आर्यन ने प्रथम, पायनियर हाउस के तनिष ने द्वितीय, टाइटन हाउस के नमन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने-अपने हाउस का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य कृष्ण मलिक ने सभी विजेताओं को सम्मानित किया।

### जोरासी में रेडीनेस मेले का आयोजन कर अभिभावकों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल। आंगनवाडी** केन्द्र जोरासी के प्ले स्कूल में आंगनवाडी कार्यकताओं द्वारा रेडीनेस मेले का आयोजन किया गया। जिसमें गांव की महिला पंच मीनाक्षी, विद्यालय की प्रधानाचार्या सावित्री व सुपरवाईजर सुमनलता मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक भाषा व गणित के विकास की जांच की गई। प्रधानाचार्या सावित्री ने बताया कि सरकार की ओर से ग्रामीण क्षेत्र में आंगनवाडी केन्द्रों में प्ले स्कूल शुरू किए गए हैं। जिसमें 3 से 6 साल तक के बच्चों को खेल खेल में शिक्षा व स्वास्थ्य पोषण के विषय में जागरूक किया जाता है। स्कूलों में अपग्रेड कर आंगनवाड़ी केंद्रों में प्ले स्कूलों की तर्ज पर खेल खेल में पढ़ाई की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, ताकि बच्चे खेल खेल में पढ़ाई भी कर सके। इस अवसर पर मीनाक्षी, मनीषा, स्नेहलता, रोशन, अनीता, संजना व सहायिका आदि की भागीदारी रही।

### निकाय चुनाव: चुनाव प्रचार में कोई नहीं कर रहा कोरोना की परवाह

**मथुरा। निकाय** चुनाव के लिए जोर शोर से प्रचार चल रहा है। प्रत्याशी भीडभाड साथ लेकर चल रहे हैं। किसी के गले मिल रहे हैं तो किसी के पैर छू रहे हैं। इस मेल मिलाप में कहीं भी कोरोना की बाधा दिखाई नहीं दे रही है। कोरोना को लेकर किसी को किसी तरह की फिक्र नजर नहीं आ रही है। यहां तक पुलिसकर्मी और प्रशासनिक अधिकारी भी मास्क का उपयोग नहीं कर रहे हैं। दूसरी और राशन की दुकानों पर मास्क लगाकर पहुंचने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किए जाने की अपील की जा रही है। कोरोना पॉजिटिव केस सामने आने का सिललिसा जारी है। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय शुक्रवार को प्राप्त हुई रिपोर्ट के मुताबिक जनपद में कोरोना पॉजिटिव सात नए मामले सामने आए हैं। अब मथुरा जनपद में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 12 हो गई है।।

### सम्पर्क फाउंडेशन ने हरियाणा में 1000 स्टार शिक्षकों को किया सम्मानित

**हरियाणा ।** प्राथमिक शिक्षा में सीखने के परिणामों में सुधार लाने की दिशा में काम कर रहे एक प्रमुख एनजीओ सम्पर्क फाउंडेशन ने हरियाणा के सरकारी स्कूलों में 1000 अनुकरणीय शिक्षकों को सम्मानित किया है। इन शिक्षकों को उनके छात्रों को प्रभावी शैक्षिक अनुभव प्रदान करने के लिए सम्पर्क स्मार्ट टीवी और सम्पर्क स्मार्ट शाला ऐप के उत्कृष्ट उपयोग के लिए चुना गया था, जिससे सीखने के परिणामों में वृद्धि हुई। इन 1000 शिक्षकों को उनकी प्रतिबद्धता, परिश्रम और शिक्षा मानकों में सुधार के लिए योगदान को पहचानते हुए एक पुरस्कार और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। प्रखंड संसाधन केंद्र समन्वयक, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं केन्द्र प्रमुख शिक्षकों ने शिक्षकों एवं विद्यालयों को स्टार शिक्षक एवं स्टार स्कूल पुरस्कार से सम्मानित किया।सम्पर्क फाउंडेशन ने सम्पर्क एफएलएन टीवी और सम्पर्क स्मार्ट शाला एप्लिकेशन को राज्य के सभी सरकारी स्कूलों के लिए नि:शुल्क प्रदान करके सुलभ बनाया, जबकि राज्य सरकार ने कार्यक्रम के लिए टीवी सेट प्रदान किए। इस अवसर पर, सम्पर्क फाउंडेशन के संस्थापक-अध्यक्ष श्री विनीत नायर ने कहा, उन सभी शिक्षकों को मेरी हार्दिक बधाई जिन्होंने अपने छात्रों के लिए सीखने को एक आकर्षक अनुभव बनाने हेतु हमारे संसाधनों का सफलतापूर्वक उपयोग किया है। सम्पर्क में हम शिक्षक सर्वोपरि दृष्टिकोण में विश्वास करते हैं और शिक्षकों को सशक्त बनाने और उनके शिक्षण कार्य को आसान बनाने वाले उपकरणों को नवीनीकृत करने और विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास करते हैं। हमारे संसाधनों को सीखने के क्षेत्र को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है जहां शिक्षक बच्चों के साथ बातचीत करते हैं और उनकी कल्पना को जागृत करते हैं, जिससे बच्चे अच्छी तरह सीखते हैं।

# ओपी चौटाला का गंगा हेचरी भालसी पहुँचने पर हुआ जोरदार स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार चौधरी ओमप्रकाश सिंह चौटाला का गंगा हेचरी भालसी पहुँचने पर इनेलो प्रधान महासचिव हरियाणा किसान प्रेम सिंह भालसी व डॉ नवीन नैन भालसी ने शॉल उड़ाकर व पुष्प बुक्के देकर किया स्वागत। इस दौरान चौधरी ओमप्रकाश सिंह चौटाला ने बताया कि इंडियन नेशनल लोकदल 36 बिरादरी के संघर्ष के लिए सदैव तत्पर रही है,ओर आगे भी रहेगी,साथ ही इनेलो पूरे हरियाणा प्रदेश में परिवर्तन पद



यात्रा भी कर रही है,जिससे प्रत्येक ज़िले व हल्के में जाकर लोगों से मिल रहे है व सभी आमजन की समस्याओं से रूबरू हो रहे है।

इस दौरान चौधरी प्रेम सिंह भालसी ने बताया कि ताऊ देवीलाल के विचारों पर चलने वाली इनेलो पार्टी ने सभी वर्ग के लोगों के हित के लिए बहुत से नियम व कानून बनाए है,जिससे आम जन तक सबके घरों में इसका लाभ पहुँच रहा है,उदाहरणतः पैशन के रूप में बुजुर्गों को सम्मानित करने व चौपाल के रूप में सभी वर्ग के लिए काम किया है।

इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि आज के समय युवा वर्तमान सरकार की गलत नीतियों के कारण विदेश की तरफ रूख हो रहा है,युवा वर्ग आज भय व परेशानी के माहौल में जी रहा है,व बेरोजगारी के कारण नशे व अपराध की तरफ बढ़ रहे है,हमें समय रहते युवाओं के भविष्य की तरफ सोचने की सख़्त जरूरत है।इस दौरान कर्ण सिंह बांगड,महाबीर सिंह देशवाल, भगवान बांगड,भूपेन्द्र नैन,दर्शन सिंह,सैण्डी संदीप नारा,विजय दुहन,सवीन नैन,ईशवर अटावला आदि।

## रिश्वत मामले में पकड़े पटवारी के समर्थन में उतरी पटवारी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
वीरवार को एसीबी द्वारा एक पटवारी रिश्वत को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। जिसकी गिरफ्तारी के खिलाफ शुक्रवार को पटवारी एसोसिएशन ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। पटवारियों का आरोप है कि एंसीबी ने नवीन के खिलाफ जानबूझकर कार्रवाई की है और उसे जबरदस्ती फंसाया गया है। पटवारियों के धरने के असर गन्नौर पटवार खानों पर भी देखने को मिला। पटवारियों के इस कदम के बाद पटवारखाने में अपने काम लेकर पहुंचने वाले आम नागरिकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पटवारी नवीन की गिरफ्तारी के बाद जहां एक तरफ पटवारी एसोसिएशन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली गई है, तो दूसरी तरफ पटवारियों से अपने कागजात प्रमाणित करने वाले युवाओं व आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर शुक्रवार को जिनकी सरकारी नौकरी लग चुकी है और अपने कागजात पटवारियों से प्रमाणित करवाने के लिए उनके कार्यालयों पर पहुंचे तो वहां पर ताले लटके पाए,जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। युवाओं ने बताया कि हमारी सरकारी नौकरी लग चुकी है। हम अपने कागजात पटवारियों से प्रमाणित करवाने पहुंचे थे। लेकिन पटवारी न मिलने से उनके कागजात प्रमाणित नहीं हो सकें ,जिसके चलते उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर बाद पटवारी लौटे और युवाओं के सीईटी से संबधित कागजातों के काम को पूरा किया।

## कंटेनर से 22 गौवंश कराए मुक्त, एक तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**तस्करी कर** ले जाए जा रहे 22 गौवंश को पुलिस ने मुक्त कराया है। कंटेनर में 22 गोवंश भरे हुए थे जिसमें 15 सांड 5 गाय जीवित था दो गोवंश मृत मिले। सभी जीवित गोवंश को छाता में बनी गौशाला में पहुंचा दिया। गौ रक्षक दल के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने बताया कि यह लोग भरतपुर के जंगलों से कंटेनर में गौवंशो को भर कर ला रहे थे। जिन्हें तस्करी के लिए ले जा रहे थे सूचना के आधार पर पुलिस के साथ मिलकर कंटेनर को पकड़ लिया और कंटेनर में भरे गोवंश को मुक्त कराकर गौशाला भेज दिया एक व्यक्ति को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। गोवंश को अशोक लीलेन्ड कंटेनर से तस्करी कर ले जाया जा रहा था। प्रभारी निरीक्षक थाना छाता संजीव कुमार दुबे के मुताबिक पुलिस टीम दौताना पुलिस चौकी के सामने एनएच 19 पर चैकिंग कर रही थी। पुलिस के गाडी रुकते ही जावेद मलिक पुत्र नामालूम निवासी मुरादाबाद, आशू पुत्र अहसान निवासी राजूपुर थाना देववन्द सहारनपुर गाड़ी से कूदकर भाग गये हैं। चेकिंग के दौरान एक अशोक लीलेन्ड कंटेनर में गोकशी के लिए ले जाये जा रहे 22 गौवंश को मुक्त कराया गया। अभियुक्त रविन्द्र सिंह पुत्र प्रगत सिंह निवासी भिलोवल तहसील बाबा बकाला थाना कत्थुनंगल जिला अमृतसर पंजाब को गिरफ्तार किया गया। इन लोगों ने भरतपुर धौलपुर रोड के जंगल से गाड़ी में गाय व सांडो को भरा था। जावेद नामक युवक ने ये गाडी ताबडू छोडकर आनो कहा था। यह भी बताया गया कि तुम हिन्दू हो तुमको पुलिस परेशान नहीं करेगी हम अगर गाडी चलाकर ले जाते है तो पुलिस हम पर शक कर सकती है। जिसके बाद आशू व जावेद मलिक ने इस गाड़ी मे गायों व साडो को भरकर तस्करी के लिये ताबडू लेकर जा रहे थे।

### पुलिस ने साइबर ठगी के आरोप में नौ लोगों को पकडा

**मथुरा।** पुलिस ने साइबर ठगी करने के आरोप में नौ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से फर्जी सिम कार्ड लगे मोबाइल, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, बाइक सहित केस बरामद किया। थानाध्यक्ष ओमहरि वाजपेई की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। गोवर्धन थानाध्यक्ष ओमहरि वाजपेई के मुताबिक पुलिस टीम डीग मार्ग पर गस्त कर रही थी। सूचना पर पुलिस गांठौली रजवाहा पर पहुंची। वहां योजना बनाकर साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे एक दर्जन अभियुक्त पुलिस टीम को देख कर भागने लगे। पुलिस टीम ने नौ अभियुक्तों को घेर कर पकड़ लिया।

## मथुरा वृंदावन के कायाकल्प के लिए आम आदमी पार्टी का 11 सूत्रीय गारंटी कार्ड लॉन्च

**आप का मेयर बनने पर पूरी की जाएंगी सभी 11 गारंटी- डॉ छवि यादव**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**आज आम** आदमी पार्टी की नगर निगम चुनाव प्रभारी डॉक्टर छवि यादव, ज़िला प्रभारी अश्विनी मिश्रा महापौर प्रत्याशी प्रवीण भारद्वाज जिलाध्यक्ष चौधरी भगत सिंह ने पार्टी के जिला कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस कर नगर निगम के लिए अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी का 11 सूत्रीय गारंटी कार्ड लांच किया। मथुरा वृंदावन के लिए आप की नगर निगम चुनाव प्रभारी डॉक्टर छवि यादव ने गारंटी कार्ड लांच करते वक्त मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि ये 11 गारंटी आम आदमी पार्टी नगर की जनता को देती है और अगर मथुरा वृंदावन की जनता आम आदमी पार्टी का मेयर चुनती है तो ये गारंटी पूरी की जाएंगी जिससे मथुरा वृंदावन के गरीब लोगों को काफी राहत मिलेगी। गारंटी कार्ड लांच करते हुए महापौर प्रत्याशी प्रवीण भारद्वाज ने कहा कि गरीब लोगों को राहत देने के लिए आम आदमी पार्टी ने हाऊस टैक्स हाफ और वाटर टैक्स माफ करने की गारंटी सहित 11 गारंटी मथुरा वृंदावन की जनता को दी हैं और यदि जनता मुझे अपने शहर का मुखिया चुनती है तो ये सभी गारंटी पूरा करना मेरा संकल्प हैं। उन्होंने कहा कि महगांई से त्रस्त जनता को इससे हजारों रुपए की बचत होगी और स्वच्छ कूडा मुक्त शहर मिलेगा। आम आदमी पार्टी प्रदूषण से राहत देने के लिए ऑक्सिजन पार्कों की व्यवस्था भी शहर में करेगी। प्रवीण भारद्वाज ने कहा कि अब फैसला आपके हाथ में है कि आप शहर की कैसी सरकार बनाते हैं- भाजपा की भ्रष्ट सरकार या अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में गारंटी कार्ड के वायदे पूरी करने वाली कट्टर ईमानदार आम आदमी पार्टी की सरकार।
मीडिया से मुखातिब होते हुए पार्टी के जिला प्रभारी अश्विनी मिश्रा ने कहा कि मथुरा वृंदावन की अधिकांश आबादी गरीब है और भाजपा की सरकार ने हाऊस टैक्स और वाटर टैक्स को बढ़ाकर उन्हें भी लूटने का काम किया है।

# राकेश के स्नेह मिलन समारोह में सांसद दीपेंद्र होंगे मुख्य अतिथि

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल**
**आगामी 30** अप्रैल दोपहर बारह बजे रेवाड़ी रोड स्थित एसवीएन पब्लिक स्कूल रेवाड़ी रोड (नीरपुर) में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा राकेश यादव भूतपूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश के स्नेह मिलन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नेता व प्रबुद्ध लोग भी शिरकत करेंगे। श्री यादव ने आज क्षेत्र के गांवो व शहर में अनेक लोगों को समारोह में आमंत्रित होने के लिए निमंत्रण देते हुए कहा कि उन्होंने कई वर्षों तक न्याय सेवा में रहकर लोगों के लिए कार्य किया अब वह सेवानिवृत्त होकर क्षेत्र के लोगों की सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उनका परिवार हमेशा ही क्षेत्र के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चला है। और उन्होंने क्षेत्र की भलाई के लिए कार्य किया है इसीलिए उन्होंने क्षेत्र की भलाई के लिए कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में महंगाई बेरोजगारी का बोलबाला है क्षेत्र के लोग बेरोजगारी व नहरी पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कांग्रेस शासनकाल में हजारों बेरोजगारों को नौकरियां दी गई परंतु इस



शासनकाल में नौकरियों पर पूरी तरह से लगाम लगा दी गई हैं बेरोजगार दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो विकास कार्य कांग्रेस शासनकाल में हुए में वह अभी एक रिकॉर्ड है जबकि भाजपा द्वारा की गई घोषणाओं का आम आदमी को फायदा नही मिला है।
उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी को रोकने में नाकाम साबित हुई है। जिसमें गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोग बेहद परेशान हैं। उन्होंने कहा कि सरकार महज घोषणाओं की सरकार बनी हुई है। लोगों को रोजगार देने का वायदा भी झूठा साबित हो रहा है। लोग जहां मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे है, वहीं मंहगाई व बेरोजगारी ने भी आम आदमी को बेहाल किया हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सर्दी में बर्बाद हुई फसलों की विशेष गिरदावरी तो करवा ली, लेकिन क्षेत्र के किसानों को एक रूपया भी मुआवजा के नाम पर नहीं दिया। ऐसे में किसान अपने को ठगा सा महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के काले कारनामें आम जनता तक पहुंचाने कांग्रेस पार्टी के सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने जनजागरण अभियान छेड़ा हुआ है इसी कड़ी में वह 30 अप्रैल को जिला महेंद्रगढ़ के क्षेत्र का दौरा करेंगे।

## कोर मुख्यालय में सेवा निवृत समारोह आयोजित



**प्रयागराज:** प्रयागराज के पंचशील सभागारह्व में दिनांक 28/04/2023 को माह अप्रैल 2023 में सेवानिवृत्त हुए दिनेश कुमार पाण्डेय, सहायक वित्त सलाहकार/लेखा विभाग/कोर/प्रयागराज, पंच बहादुर, हेल्पर/विद्युत विभाग/कोर/प्रयागराज, राम धन यादव, हेल्पर/विद्युत विभाग/कोर /प्रयागराज की विदाई हेतु विदाई समारोह का आयोजन किया गया जो प्रमोद कुमार महाप्रबंधक, कोर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समारोह में अनुपम सिंघल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, श्री सुरेश कुमार, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, के० के० सिंह, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, विनय एन अंबाड़े, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, दिनेश कुमार गुप्ता, प्रमुख वित्त सलहकार, एस० के० मिश्रा, प्रमुख मुख्य इंजीनियर के साथ अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण मौजूद थे। सेवा निवृत्त होने वाले रेल सेवकों को महाप्रबंधक महोदय ने सेवा प्रमाण पत्र, गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया। उपस्थित जनों द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले रेल सेवकों को भाव भीनी विदाई के साथ ही दीघार्यु होने तथा स्वस्थ रहने की शुभकमनाएं दी गयीं। कार्यक्रम का संचालन जनार्दन सिंह उप मुख्य कार्मिक अधिकारी के द्वारा किया गया।

### घसौली गांव में भी किन्नर के लिए 1100 रुपए निर्धारित किया शगुन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। घसौली** ग्राम पंचायत ने भी गांव में किन्नरों की शगुन राशि निर्धारित कर दी है। इससे पहले शेखपुरा गांव की पंचायत ने प्रस्ताव पारित किया कि शादी व पुत्र जन्म जैसे खुशी के मौकों पर किन्नरों को शगुन के तौर पर 1100 रुपए की राशि ही दी जाएगी। गांव के सरपंच महेश कुमार ने बताया कि बहुत से किन्नर गांव में विवाह, पुत्र जन्म सहित अन्य शुभ कार्यों पर किन्नर गरीब लोगों से भी भारी भरकम शगुन देने की मांग करते हैं। ऐसे में गरीब लोगों को भी अपनी इज्जत रखने के लिए मजबूरी में भारी भरकम राशि देते भी हैं। ऐसे में किन्नरों की जरूरत से ज्यादा वसूली पर रोक लगाने के लिए पंचायत ने किन्नरों के लिए शगुन की राशि को निर्धारित कर दिया है। जिसके तहत गांव में शुभ अवसरों पर पहुंचने वाले किन्नरों को शगुन के तौर पर 1100 रुपए की राशि ही दी जाएगी।

## सूर साधना स्थली पर सूरदास चरित्र का नाट्य मंचन

**उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सूर जयंती महोत्सव में सूर वार्ता, महाकवि के जीवन के प्रसंगों का वर्णन**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**सूरदास चरित्र** नाट्य मंचन के साथ ही उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद एवं पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित किए गए महाकवि सूरदास जयंती महोत्सव का समापन हो गया। ये मंचन सूर साधना स्थली परासौली (गोवर्धन) के ओपन एयर थिएटर (मुक्ताकाशीय रंगमंच) में दो दिवसीय सूरदास जयंती महोत्सव के अंतर्गत हुआ। महोत्सव में गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी वृंदावन तथा सूर श्याम



सेवा संस्थान, परासोली (गोवर्धन) का सहयोग रहा। पुष्टिमार्गीय श्रीकृष्ण लीला संस्थान ट्रस्ट वृंदावन के कलाकारों ने स्वामी वेद प्रकाश भारद्वाज के निर्देशन में सूरदास चरित्र नाट्य मंचन किया। इसमें सूरदास जी के प्रारंभिक जीवन से लेकर अंत तक की उनकी साधना के तमाम प्रसंगों का बहुत प्रभावी मंचन किया। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के डिप्टी सीईओ पंकज वर्मा, सहायक अभियंता आरपी सिंह यादव आदि ने मंच पर श्रीनाथ जी की आरती उतारी। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डा. उमेश चंद्र शर्मा और गीता शोध संस्थान की शोध समन्वयक डा. रश्मि वर्मा आदि ने व्यवस्थाएं संभालीं। सूरदास चरित्र मंचन से पूर्व भागवताचार्य पूर्ण प्रकाश कौशिक ने ओपन एयर थिएटर (मुक्ताकाशीय) मंच पर सूर वार्ता के क्रम में सूरदास जी जीवन के तमाम प्रसंगों का संगीतमय वर्णन किया।

# बीएसए कालेज पर हाथों हाथ लिए कांग्रेस प्रत्याशी श्याम को

**फूल बरसा कर किया स्वागत, जिताने का दिया आश्वासन**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**मथुरा वृंदावन** नगर निगम के मेयर पद के कांग्रेस प्रत्याशी श्याम सुंदर उपाधयाय ने शुक्रवार शाम को द्वारिकापुरी पूरी कालोनी से चुनाव प्रचार शुरू किया। संजय पचौरी, अरविंद उपाधयाय, केके भारद्वाज, ललित शर्मा, योगेश त्रिपाठी, ठाकुर बिहारी लाल, प्रवीण सारस्वत, दिनेश मौर्या, शैलू पंडित, कीर्ति कुमार कौशिक, रिक्की, राहुल पराशर, सुरेश दुबे, विष्णु शर्मा, अशोक गौतम ने प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया। ढोल नगाड़ों से चुनावी माहौल कांग्रेस प्रत्याशी के



रंग में रंग गया। कालोनीवासियो ने भी उनको हाथों हाथ लिया।। फूल मालाओं से उनको लाद दिया गया। उनके स्वागत को लोगों में होड़ मच गई। काफिला बीएसए कालेज रोड से राधिका बिहार की और बढ़ा तो लोग काफिले में शामिल होने लगे। ओपी शर्मा ने उनका अपने प्रतिष्ठान से बहार आकर स्वागत किया। बिट्टू भैया ने उनको गले लगाया। दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर निकल आए और अभिवादन कर उनका स्वागत किया। कार्यकर्ता और समर्थक एक एक दुकान पर जा कर उनको हाथ के पंजे का निशान बता कर वोट देने की अपील करते हुए साथ चल रहे हैं। मन्नू कुरैशी, डोरी लाल गौतम, कुंदन सिंह, अशोक कुमार गौतम, तिलक राज गौतम ने आनंदपुरी में साफा पहनाकर स्वागत किया। चंदन लगाकर तिलक किया। प्रति ने भी उनको समर्थन देने का वादा किया। शरद कुमार शर्मा ने फूल बरसा कर उनका स्वागत किया। राहगीर भी अपने अपने वाहन रोक कर कांग्रेस प्रत्याशी से हाथ मिलाते और उनको जीत का भरोसा दिलाते। काफिले के महोली रोड पर प्रवेश करते ही जगदीश कौशिक, राहुल शर्मा पार्षद प्रत्याशी, पंडित अमित भारद्वाज, मुकेश खंडेलवाल ने स्वागत किया। इसके साथ प्रदीप मेडिकल स्टोर पर भी कांग्रेस प्रत्याशी को उनके समर्थकों ने फूल मालाओं से पहना कर स्वागत किया और चुनाव में उनको जीत का भरोसा दिलाया।

## भाजपा-जजपा सरकार का दोगला चेहरा लोगों के सामने आ चुका है: चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**इनेलो की** परिवर्तन पदयात्रा आपके द्वार का शुक्रवार को गन्नौर हल्के में प्रवेश करने पर लोगों ने इनेलो नेता अभय चौटाला का जोरदार स्वागत किया। यात्रा के दौरान चौटाला का इनेलो के हल्काध्यक्ष बिजेन्द्र रापरिया, युवा नेता सुनील ढाका, विक्रम ढांगी आदि ने फूलमालाओं से स्वागत किया। इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए गठबंधन सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि स्कूलों में अध्यापक नहीं, अस्पतालों में दवाइयां और डाक्टर

**8 स्कूलों में अध्यापक नहीं, अस्पतालों में दवाइयां और डाक्टर नहीं तो फिर विकास किसको कहते है ये सरकार वाले**

नहीं तो फिर विकास किसको कहते है ये सरकार वाले। इनेलो नेता अभय चौटाला ने गन्नौर विधानसभा क्षेत्र के गांव राजपुर, राजलू गढ़ी, भोगीपुर, आगवानपुर, गांधी नगर, गुमड़ में ग्रामीणों को सम्बोधित किया। उक्त सभी गांवों में लोगों ने पदयात्रा का जोरदार स्वागत करते हुए अभय सिंह चौटाला को अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। अभय चौटाला ने कहा कि आज लोग स्वेच्छा से परिवर्तन पदयात्रा में जुड़ रहे हैं जो इस बात का प्रमाण है कि अबकी बार इनेलो की सरकार बनेगी और सभी वर्गों के लोगों के काम किए जाएंगे। इनेलो नेता ने कहा कि यात्रा के दौरान उन्हें लोगों के बीच में रहने का मौका मिला। लेकिन हैरान करने वाली बात ये है कि चाहे गांव हो या शहर, सभी विकास के लिए तरस रहे हैं। इनेलो ने अपने शासनकाल में जो कहा वो करके दिखाया। हलकाध्यक्ष बिजेन्द्र रापरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## संपादकीय

# जैव विकास में दशावतार की अवधारणा और डार्विन

**एनसीईआरटी** अर्थात राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम से नवीं एवं दसवीं कक्षाओं की विज्ञान पुस्तकों से चार्ल्स डार्विन के जैव विकास के सिद्धांत को हटा दिए जाने पर विवाद गहरा रहा है। देश के लगभग 1800 वैज्ञानिक और शिक्षकों ने एनसीईआरटी की इस पहल की आलोचना करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा उपहास बताया है। दरअसल भारत के बुद्धिजीवियों का एक वर्ग जब भी किसी पाश्चात्य सिद्धांत या इतिहास के भ्रामक प्रसंगों को हटाए जाने की बात छिड़ती है तो उसके पक्ष में उठ खड़े होते हैं। जबकि चार्ल्स डार्विन ने जब जीवों के विकासवाद का अध्ययन करने के बाद 1859 में ह्यऑरिजिन ऑफ स्पीशीजह्य अर्थात ह्यजीवोत्पत्ति का सिद्धांतह्य दिया तब इसका ईसाई धर्मावलंबियों और अनेक ईसाई वैज्ञानिकों ने जबरदस्त विरोध किया था। क्योंकि इसमें मनुष्य का अवतरण बंदर से बताया गया था। अलबत्ता जब यही अवधारणा भारतीय ऋषियों ने भगवान विष्णु के दशावतारों के रूप में दी तो इसका वर्णन प्राचीन संस्कृत के प्रमुख ग्रंथों में समाविष्ट किया गया और जैव विकास एवं आनुवंशिकता के इस विज्ञान को मंदिरों की दीवारों पर उकेरा गया। जबकि इसमें सिंह से मनुष्य के संक्रमण को प्रतिपादित किया है। मानव प्रजाति के विकास क्रम में चार्ल्स डार्विन के सिद्धांत के अनुसार माना जाता है कि मानव बंदर की एक प्रजाति का विकसित रूप है। तब नरसिंह अवतार की अवधारणा के अनुरूप यह भी कहा जाता है कि मनुष्य सिंहनी का विकसित रूप है? डार्विन के सिद्धांत से कहीं ज्यादा मनुष्य के जैविक विकास की यह अवधारणा ज्यादा तार्किक है। क्योंकि दशावतारों की भौतिकवादी अवधारणा के अंतर्गत नरसिंह की अवधारणा जीव-जगत के विकास क्रम की श्रृंखला से जुड़ी है। इस धारणा के अनुसार पहले मत्स्यातवार हुआ यानी जल में जीवन की उत्पत्ति हुई। विज्ञान भी इस तथ्य से सहमत है कि जीव-जगत में पहला जीवन रूप पानी में विकसित हुआ। दूसरा अवतार कच्छप हुआ, जो जल और भूमि दोनों स्थलों पर रहने में समर्थ था। तीसरा वराह हुआ, जो पानी के भीतर से जीव के धरती की ओर बढ़ने का संकेत है, अर्थात पृथ्वी को जल से मुक्त करने का प्रतीक है। चौथा नरसिंह अवतार है, जो इस तथ्य का प्रतीक है कि जानवर से मनुष्य विकसित हो रहा है। आधा मनुष्य, आधा सिंह शरीर संक्रमण का प्रतिबिंब है। इसके बाद पांचवां अवतार वामन के रूप में है, जो मानव का लघु रूप है। सृष्टि के आरंभ में मनुष्य बौने रूप में ही अस्तित्व में आया था। 45 लाख साल पुराने स्त्री और पुरुष के जो जीवाश्म मिले हैं, उनकी ऊंचाई दो से ढाई फीट की है। वामन के बाद परशुराम हैं, जो मनुष्य का संपूर्ण विकसित रूप है। इसी समय से मानव जीवन को व्यवस्थित रूप में बसाने के लिए वनों को काटकर घर-निर्माण की तकनीक को अभिव्यक्त करता है। परशुराम के हाथ में फरसा इसी परिवर्तन का प्रतीक है। सातवें अवतार में राम का धनुष बाण लिए प्रकटीकरण इस बात का संकेत है कि मनुष्य मानव बस्तियों के दूर रहकर सुरक्षा करने में सक्षम व दक्ष हो चुका था। आठवें अवतार बलराम हैं, जो कंधे पर हल लिए हुए है। यह स्थिति मानव सभ्यता के बीच कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के विकास को इंगित करता है। कृष्ण मानव सभ्यता के ऐसे प्रतिनिधि हैं।

# स्वर्णिम भारत की शुरूवात : मन की बात



अशोक बजाज

"क्रम के 17 वे अपिसोड में विद्यार्थियों से सवाल किया कि 'प्रतिस्पर्धा क्यों ? अनुस्पर्धा क्यों नहीं। हम दूसरों से स्पर्धा करने में अपना समय क्यों बर्बाद करें। हम खुद से ही स्पर्धा क्यों न करें। हम अपने ही पहले के सारे रिकॉर्ड क्यों न तोड़ें। आप देखिये, आपको आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं पायेगा और अपने ही पिछले रिकॉर्ड को जब तोड़ोगे, तब आपको खुशी के लिए, संतोष के लिए किसी और से अपेक्षा भी नहीं रहेगी। एक भीतर से संतोष प्रकट होगा। श्री मोदी युवाओं के प्रेरणाश्रोत है, वे सदैव उन्हें विज्ञान व प्रौद्योगिकी की महत्ता को समझाते है. श्री मोदी ने मन की बात के 29 वे एपिसोड में नई पीढ़ी को नई तकनीक की ओर प्रेरित करते हुए कहा कि "जब नई टेक्नालाजी देखते हैं, कोई नई वैज्ञानिक सिद्धि होती है, तो हम लोगों को आनंद होता है"

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी आज दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता है. दुनिया की ऐसी कोई समस्या नहीं जिसका उनके पास समाधान नहीं तथा दुनिया का ऐसा कोई विषय नहीं जिनका उन्हें ज्ञान नहीं। उन्होंने वर्ष 2014 में बड़े बदलाव के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और दृढ़ शक्ति के साथ पायदान दर पायदान आगे बढ़ रहे हैं. वे प्रयोग धर्मी भी है, नित नए प्रयोग करते रहते हैं. ऐसा ही अभिनव प्रयोग उन्होंने जनसंवाद के लिए 'रेडियो' को माध्यम बना कर किया और संचार क्रांति के इस युग में संचार के प्राचीन माध्यम में जान फूंक दी. श्री मोदी ने लगभग 9 साल पहले 3 अक्टूबर 2014 को रेडियो के माध्यम से जनसंवाद की शुरूवात की जिसे 'मन की बात' नाम दिया गया. प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी से प्रसारित इस कार्यक्रम के 99 एपिसोड पूरे हो चुके है तथा शतकीय एपिसोड का प्रसारण 30 अप्रेल को होगा. इस शतकीय एपिसोड लेकर पूरे देश में उत्सुकता बनी हुई है. मन की बात में प्रधानमंत्री श्री मोदी सदैव सम-सामयिक एवं जन उपयोगी विषयों पर संवाद करते हैं तथा लोगों का हौसला अफजाई करते है. इस कार्यक्रम के माध्यम से कभी वे देश के नौजवानों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं, कभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हैं, कभी विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त होने का गुर सिखाते हैं, कभी किसानों को नई तकनीक के साथ अन्न उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं. अब तक के एपिसोड में वे खेती-किसानी, नारी जागरण, स्वच्छता अभियान, प्राकृतिक आपदा, जलवायु परिवर्तन एवं जल संरक्षण व संवर्धन, स्वदेशी उत्पाद , कुपोषण, सिंगल यूज प्लास्टिक, फिट इंडिया, डिजिटल इण्डिया, ड्रग्स व अन्य मादक पदार्थों के दुष्परिणाम, नमामि गंगे, सड़क सुरक्षा, वेस्ट टू वेल्थ, अंगदान आदि अन्यान्य विषयों पर चर्चा कर चुके है. 'मन की बात' वे इतने प्रभावी ढंग से कहते है कि उनके द्वारा कही गई बातें लोगों के दिलों को छू जाती है. यही वजह है कि स्वच्छता, कुपोषण मुक्ति एवं जल सरंक्षण जैसे अभियानों ने अब जन आंदोलन का स्वरुप ले लिया है. प्रधानमंत्री श्री मोदी के ही शब्दों में जानिए उन्होंने प्रथम एपिसोड में क्या प्रेरणा दी थी - "मेरे देशवासियों, सवा सौ करोड़ देशवासियों के भीतर अपार शक्ति है, अपार सामर्थ्य है। हमें अपने आपको पहचानने की जरूरत है। हमारे भीतर की ताकत को पहचानने की जरूरत है और फिर जैसा स्वामी विवेकानंदजी ने कहा था उस आत्म-सम्मान को ले करके, अपनी सही पहचान को ले करके हम चल पड़ेंगे, तो विजयी होंगे और हमारा राष्ट्र भी विजयी होगा, सफल होगा। मुझे लगता है हमारे सवा सौ करोड़ देशवासी भी सामर्थ्यवान हैं,



शक्तिवान हैं और हम भी बहुत विश्वास के साथ खड़े हो सकते हैं।" उन्होंने आगे कहा "मेरे देशवासियों, जब तक हम चलने का संकल्प नहीं करते, हम खुद खड़े नहीं होते, तब रास्ता दिखाने वाले भी नहीं मिलेंगे, हमें उंगली पकड़ कर चलाने वाले नहीं मिलेंगे। चलने की शुरूआत हमें करनी पड़ेगी और मुझे विश्वास है कि सवा सौ करोड़ जरूर चलने के लिए सामर्थ्यवान है, चलते रहेंगे।" ये सारा मेरा बातचीत करने का इरादा एक ही है। आओ, हम सब मिल करके अपनी भारत माता की सेवा करें। हम देश को नयी ऊंचाइयों पर ले जायें। हर कोई एक कदम चले, अगर आप एक कदम चलते हैं, देश सवा सौ करोड़ कदम आगे चला जाता है. खादी की खपत और उत्पादन बढ़ाने में मन की बात के योगदान को कोई भूल नहीं पायेगा, श्री मोदी ने खादी के महत्व पर प्रकाश क्या डाला खादी के दिन फिर लौट आये उन्होंने पहले ही एपिसोड में खादी की चर्चा करते हुए कहा था "आपके परिवार में अनेक प्रकार के वस्त्र होंगे, अनेक प्रकार के फैब्रिक्स होंगे, अनेक कंपनियों के प्रॉडक्ट होंगे, क्या उसमें एक खादी का नहीं हो सकता क्या ? मैं अपको खादीधारी बनने के लिए नहीं कह रहा, आप पूर्ण खादीधारी होने का व्रत करें, ये भी नहीं कह रहा। मैं सिर्फ इतना कहता हूं कि कम से कम एक चीज भले ही वह हैंडकरचीफ, भले घर में नहाने का तौलिया हो, भले हो सकता है बैडशीट हो, तकिए का कबर हो, पर्दा हो, कुछ तो भी हो, अगर परिवार में हर प्रकार के फैब्रिक्स का शौक है, हर प्रकार के कपड़ों का शौक है, तो ये नियमित होना चाहिए और ये मैं इसलिए कह रहा हूं कि अगर आप खादी का वस्त्र खरीदते हैं तो एक गरीब के घर में दीवाली का दीया जलता है." उनकी इस भावनात्मक अपील का असर ये हुआ कि देखते ही देखते बाजार में खादी के कपड़ों की मांग बढ़ गई. खादी की खपत बढ़ने का जिक्र उन्होने बाद के अनेक कड़ियों में किया और बताया कि "उत्तर प्रदेश में वाराणसी सेवापुर में सेवापुरी का खादी आश्रम 26 साल से बंद पड़ा था, लेकिन आज पुनर्जीवित हो गया. अनेक प्रकार की प्रवर्तियों को जोड़ा गया. अनेक लोगों को रोजगार के नये अवसर पैदा किये. कश्मीर में पम्पोर में खादी एवं ग्रामोद्योग ने बंद पड़े अपने प्रशिक्षण केंद्र को फिर से शुरू किया और कश्मीर के पास तो इस क्षेत्र में देने के लिए बहुत कुछ है." मन की बात में श्री मोदी सदैव छात्रों को परीक्षा के तनाव से मुक्ति की सलाह देते हैं उन्होंने 5 वी कड़ी में कहा था कि "हम हमेशा अपनी प्रगति किसी और की तुलना में ही नापने के आदी होते हैं। हमारी पूरी शक्ति प्रतिस्पर्धा में खप जाती है। जीवन के बहुत क्षेत्र होंगे, जिनमें शायद प्रतिस्पर्धा जरूरी होगी, लेकिन स्वयं के विकास के लिए तो प्रतिस्पर्धा उतनी प्रेरणा नहीं देती है, जितनी कि खुद के साथ हर दिन स्पर्धा करते रहना। खुद के साथ ही स्पर्धा कीजिये, अच्छा करने की स्पर्धा, तेज गति से करने की स्पर्धा, और ज्यादा करने की स्पर्धा, और नयी ऊंचाईयों पर पहुँचने की स्पर्धा आप खुद से कीजिये, बीते हुए कल से आज ज्यादा अच्छा हो इस पर मन लगाइए और आप देखिये ये स्पर्धा की ताकत आपको इतना संतोष देगी, इतना आनंद देगी जिसकी आप कल्पना नहीं कर सकते। हम लोग बड़े गर्व के साथ एथलीट सेरगेई बूबका का स्मरण करते हैं। इस एथलीट ने पैंतीस बार खुद का ही रिकॉर्ड तोड़ा था। वह खुद ही अपने एक्जाम लेता था। खुद ही अपने आप को कसौटी पर कसता था और नए संकल्पों को सिद्ध करता था। आप भी उसी लिहाज से आगे बढें तो आप देखिये आपको प्रगति के रास्ते पर कोई नहीं रोक सकता है।"

उन्होंने कार्यक्रम के 17 वे अपिसोड में विद्यार्थियों से सवाल किया कि 'प्रतिस्पर्धा क्यों ? अनुस्पर्धा क्यों नहीं। हम दूसरों से स्पर्धा करने में अपना समय क्यों बर्बाद करें। हम खुद से ही स्पर्धा क्यों न करें। हम अपने ही पहले के सारे रिकॉर्ड क्यों न तोड़ें। आप देखिये, आपको आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं पायेगा और अपने ही पिछले रिकॉर्ड को जब तोड़ोगे, तब आपको खुशी के लिए, संतोष के लिए किसी और से अपेक्षा भी नहीं रहेगी। एक भीतर से संतोष प्रकट होगा। श्री मोदी युवाओं के प्रेरणाश्रोत है, वे सदैव उन्हें विज्ञान व प्रौद्योगिकी की महत्ता को समझाते है. श्री मोदी ने मन की बात के 29 वे एपिसोड में नई पीढ़ी को नई तकनीक की ओर प्रेरित करते हुए कहा कि "जब नई टेक्नालाजी देखते हैं, कोई नई वैज्ञानिक सिद्धि होती है, तो हम लोगों को आनंद होता है। मानव जीवन की विकास यात्रा में जिज्ञासा ने बहुत अहम भूमिका निभाई है, और जो विशिष्ट बुद्धि प्रतिभा रखते हैं, वो जिज्ञासा को जिज्ञासा के रूप में ही रहने नहीं देते; वे उसके भीतर भी सवाल खड़े करते हैं; नई जिज्ञासायें खोजते हैं, नई जिज्ञासायें पैदा करते हैं और वही जिज्ञासा, नई खोज का कारण बन जाती है। वे तब तक चैन से बैठते नहीं, जब तक उसका उत्तर न मिले। और हजारों साल की मानव जीवन की विकास यात्रा का अगर हम अवलोकन करें, तो हम कह सकते हैं कि मानव जीवन की इस विकास यात्रा का कहीं पूर्ण-विराम नहीं है। पूर्ण-विराम असंभव है, ब्रह्मांड को, सृष्टि के नियमों को, मानव के मन को जानने का प्रयास निरंतर चलता रहता है। नया विज्ञान, नयी टेक्नालाजी उसी में से पैदा होती है और हर टेक्नालाजी, हर नया विज्ञान का रूप, एक नये युग को जन्म देता है।" श्री मोदी ने योग और मिलेट्स की महत्ता को दुनिया भर में प्रतिपादित किया इसकी उन्हें खुशी भी है संतोष भी है. मन की बात में उन्होंने दोनों में समानता स्थापित करते हुए कहा कि "मेरे प्यारे देशवासियो, अगर मैं आपसे पूंछू कि योग दिवस और हमारे विभिन्न तरह के मोटे अनाजों मिलेट्स में क्या कॉमन है तो आप सोचेंगे ये भी क्या तुलना हुई ? अगर मैं कहूँ कि दोनों में काफी कुछ कॉमन है तो आप हैरान हो जाएंगे। दरअसल संयुक्त राष्ट्र ने इंटरनेशनल योगा डे और इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स दोनों का ही निर्णय भारत के प्रस्ताव के बाद लिया है। दूसरी बात ये कि योग भी स्वास्थ्य से जुड़ा है और मिलेट्स भी सेहत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। तीसरी बात और महत्वपूर्ण है दोनों ही अभियानो में जन-भागीदारी की वजह से क्रांति आ रही है। जिस तरह लोगों ने व्यापक स्तर पर सक्रिय भागीदारी करके योग और फिटनेस को अपने जीवन का हिस्सा बनाया है उसी तरह मिलेट्स को भी लोग बड़े पैमाने पर अपना रहे हैं। लोग अब मिलेट्स को अपने खानपान का हिस्सा बना रहे हैं। इस बदलाव का बहुत बड़ा प्रभाव भी दिख रहा है। इससे एक तरफ वो छोटे किसान बहुत उत्साहित हैं जो पारंपरिक रूप से मिलेट्स का उत्पादन करते थे। वो इस बात से बहुत खुश हैं कि दुनिया अब मिलेट्स का महत्व समझने लगी है। दूसरी तरफ एफपीओ और इन्टरप्रेनियर्स ने मिलेट्स को बाजार तक पहुँचाने और उसे लोगों तक उपलब्ध कराने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।" पीएम के "मन की बात" से देश में नई सोच और नई दिशा विकसित हो रही है, देश की तरुणाई सकारात्मक सोच के साथ रचनात्मक कार्यों में लग गई है जो एक बहुत बड़े सामाजिक बदलाव का सूचक है. समूचा विश्व भारत के इस बदलाव से अचंभित है.

## कविता

### आनंदमई

इश्क,प्रेम,मोहब्बत
ये सब शब्द अधूरे है
एक बार तुम
आ जाओ तो
ये शब्द खुद-ब-खुद पूरे है।
एहसास,वफा,दिल्लगी
ये सब शब्द अधूरे है
एक बार तुम
छू लो मेरी रूह को
ये शब्द खुद-ब-खुद पूरे है।
अनुरक्ति,प्रीति,भक्ति
ये सब शब्द अधूरे है
एक बार तुम
सिमट जाऊं मेरे अंतर्मन में
ये शब्द खुद-ब-खुद पूरे है।

राजीव डोगरा

# पोषण का रामबाण है भारत का पशुधन

डॉ प्रियंका सौरभ

**पशुपालन का** तात्पर्य पशुधन पालने और चयनात्मक प्रजनन से है। यह जानवरों का प्रबंधन और देखभाल है जिसमें लाभ के लिए जानवरों के अनुवांशिक गुणों और व्यवहार को और विकसित किया जाता है। भारत का पशुधन क्षेत्र दुनिया में सबसे बड़ा है। लगभग 20.5 मिलियन लोग अपनी आजीविका के लिए पशुधन पर निर्भर हैं। सभी ग्रामीण परिवारों के औसत 14% की तुलना में छोटे कृषि परिवारों की आय में पशुधन का योगदान 16% है। पशुधन दो-तिहाई ग्रामीण समुदाय को आजीविका प्रदान करता है। यह भारत में लगभग 8.8% आबादी को रोजगार भी प्रदान करता है। भारत में विशाल पशुधन संसाधन हैं। पशुधन क्षेत्र 4.11% सकल घरेलू उत्पाद और कुल कृषि सकल घरेलू उत्पाद का 25.6% योगदान देता है। पशुधन आय ग्रामीण परिवारों के लिए आय का एक महत्वपूर्ण माध्यमिक स्रोत बन गया है और किसानों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पशुधन किसानों की अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत में किसान मिश्रित कृषि प्रणाली को बनाए रखते हैं यानी फसल और पशुधन का संयोजन जहां एक उद्यम का उत्पादन दूसरे उद्यम का इनपुट बन जाता है जिससे संसाधन दक्षता का एहसास होता है। पशुधन विभिन्न तरीकों से किसानों की सेवा करता है। पशुधन भारत में कई परिवारों के लिए सहायक आय का एक स्रोत है, विशेष रूप से संसाधन गरीब जो जानवरों के कुछ सिर रखते हैं। दूध की बिक्री के माध्यम से गायों और भैंसों को दूध देने से पशुपालकों को नियमित आय प्राप्त होगी। भेड़ और बकरी जैसे जानवर आपात स्थितियों जैसे विवाह, बीमार व्यक्तियों के इलाज, बच्चों की शिक्षा, घरों की मरम्मत आदि को पूरा करने के लिए आय के स्रोत के रूप में काम करते हैं। जानवर चलती बैंकों और संपत्ति के रूप में भी काम करते हैं जो मालिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करते हैं।

भारत में कम साक्षर और अकुशल होने के कारण बड़ी संख्या में लोग अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर हैं। लेकिन कृषि प्रकृति में मौसमी होने के कारण एक वर्ष में अधिकतम 180 दिनों के लिए रोजगार प्रदान कर सकती है। कम भूमि वाले लोग कम कृषि मौसम के दौरान अपने श्रम का उपयोग करने के लिए पशुओं पर निर्भर करते हैं। पशु उत्पाद जैसे दूध, मांस और अंडे पशुपालकों के सदस्यों के लिए पशु प्रोटीन का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं। दूध की प्रति व्यक्ति उपलब्धता लगभग 355 ग्राम/दिन है; अंडे 69/वर्ष है; जानवर समाज में अपनी स्थिति के संदर्भ में मालिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हैं। परिवार विशेष रूप से भूमिहीन जिनके पास जानवर हैं, उनकी स्थिति उन लोगों की तुलना में बेहतर है जिनके पास पशु नहीं हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में शादियों के दौरान जानवरों को उपहार में देना एक बहुत ही सामान्य घटना है। पशुपालन भारतीय संस्कृति का अंग है। जानवरों का उपयोग विभिन्न सामाजिक धार्मिक कार्यों के लिए किया जाता है।

## विचार

# राजनीति के खेल में पीछे छूटते खेल !

सुनील कुमार महला

**खिलाड़ी** कोई भी हो, देश का मान-सम्मान होते हैं। कोई भी देश हो वह हमेशा अपने खिलाड़ियों पर गर्व करता है, क्योंकि खिलाड़ी तमाम मुश्किलें झेलते हुए अपनी अथक मेहनत और बहुत कुछ सहकर देश के लिए पदक जीतते हैं। वास्तव में खिलाड़ियों की जीत ही देश की जीत होती है लेकिन आज खिलाड़ी उनके साथ हो रहे दुर्व्यवहार, यौन उत्पीड़न को लेकर सड़क पर उतर आए हैं, यह बहुत ही गंभीर व संवेदनशील है कि आज खिलाड़ियों की आवाज को अनदेखा किया जा रहा है। वास्तव में, यौन उत्पीड़न के आरोप बड़े गंभीर आरोप होते हैं और इन आरोपों पर प्रारंभिक जांच की जरूरत है। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने उच्चतम न्यायालय में कहा है कि भारतीय कुश्ती महासंघ(डब्ल्यू.एफ.आई.) के अध्यक्ष के खिलाफ सात महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों पर प्राथमिकी दर्ज करने से पहले प्रारंभिक जांच की जरूरत है। वास्तव यहाँ यह कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि सच्चाई को सामने लाने की जरूरत है। यह वास्तव में बहुत ही गंभीर व संवेदनशील है कि राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती स्पधाओं/प्रतियोगिताओं में विभिन्न पदक जीतने वाली खेल प्रतिभाओं/महिला खिलाड़ियों को आज अपनी मांगों को लेकर जंतर-मंतर पर धरने पर बैठना पड़ा है। भारतीय कुश्ती महासंघ का भारत में ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में नाम है और यह हमारे देश के खेल मंत्रालय और भारतीय कुश्ती महासंघ(डब्ल्यू, एफ.आई.) के लिये अच्छी बात नहीं कही जा सकती है कि एक जिम्मेदार पदाधिकारी के खिलाफ यौन दुर्व्यवहार के आरोप लगे हैं। वास्तव में इन आरोपों के पीछे आखिर सच्चाई क्या है, वह तो हर हाल में सामने आनी ही चाहिए ताकि दूध का दूध व पानी का पानी किया जा सके। महिला खिलाड़ियों के साथ यौन शोषण का मामला अब तूल पकड़ता चला जा रहा है और अब तो जंतर- मंतर पर महिला पहलवानों के धरने पर विभिन्न विपक्षी राजनीतिज्ञ, सरकार पर हमलावर नेता, खापों व अन्य संगठनों के पदाधिकारी तक जुटने लगे हैं। मीडिया में भी इस मामले को लेकर रह-रहकर खूब खबरें आ रही हैं। यहाँ यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि कोर्ट में नाबालिग सहित लड़कियों की ओर से अनुच्छेद 32 के तहत एक रिट याचिका दायर की गई थी। वैसे हाल फिलहाल खिलाड़ियों ने मामले को लेकर अब माननीय सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है, तो इससे यथाशीघ्र समाधान की उम्मीद जगी है। जब महिला खिलाड़ी इतने गंभीर आरोप लगा रही हैं तो इसके पीछे कुछ न कुछ तो बात जरूर है।

कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को हाल ही में यह नोटिस दिया है कि महासंघ के अध्यक्ष के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा दायर यौन दुर्व्यवहार की शिकायत पर प्राथमिकी अब तक क्यों नहीं दर्ज की गई ? आखिर इसके पीछे कारण क्या रहे हैं ? वास्तव में इसकी भी जांच की जानी चाहिए। हाल फिलहाल, कोर्ट ने इसे गंभीर मसला बताया है। यह कोई सामान्य बात नहीं है। यहाँ यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि यह पहली बार नहीं है जब महिला पहलवान इस प्रकार से आगे आईं हैं। इससे पहले भी इस मामले में उनके द्वारा आंदोलन किया गया था। यहाँ यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि उस समय यानी कि माह जनवरी-2023 में खेल मंत्रालय द्वारा जांच के लिये मशहूर बॉक्सर मैरी कॉम की अगुआई में एक समिति का गठन किया गया था। गठित समिति द्वारा हालांकि रिपोर्ट सौंप दी गई है लेकिन इसके कोई अंतिम निहितार्थ/ निष्कर्ष की घोषणा न होने से महिला पहलवान क्षुब्ध होकर जंतर-मंतर पर धरने पर बैठ गयी हैं। यहां तक कि महिला पहलवानों ने देश के विभिन्न राजनीतिक दलों, किसान, खाप व महिला संगठनों से भी इस संदर्भ में समर्थन मांगा है। वर्तमान में पहलवान एक बार फिर अपनी पुरानी मांगों को लेकर सड़क पर आकर प्रदर्शन कर रहे हैं, जो वर्तमान में भी जारी है।

पहलवानों का यह कहना है कि उन्हें एक महीने में कार्रवाई का भरोसा दिया गया था लेकिन अब तीन महीने बाद भी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है और सरकार ने पहलवानों को जो आश्वासन दिया था वह झूठा निकला। हालांकि इसी बीच, महासंघ के प्रमुख इसे व्यक्तिगत रंजिश का मामला कहते हुए खुद को निर्दोष बता रहे हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# महंगाई पर गधाई प्रवचन बाजी

रामविलास जांगिड़

**राजधानी में** एक गधा महंगाई पर प्रवचन देने का धंधा किया करता। एक चालाक भेड़िया उसका मुख्य आर्थिक सलाहकारी चेला हुआ करता। शाम के समय जब उल्लू अपने कोटर से बाहर निकल कर महंगाई डायन की एक मीठी सियासी तान छेड़ रहा था, तब गधे ने भेड़िए को अपने पास बुलाया। उसे बढ़ते पेट्रोल और डीजल के महंगाई जेट पर यात्रा कराई और महंगाई आचरण के लिए एक कहानी का अंश सुनाया। हे प्रिय चतुर चालाक महंगाई बाज भेड़िशिष्य श्रेष्ठी! सुन! एक छोटी-सी महंगाई की कहानी मैं पढ़ता था। चतुर लोगों ने महंगाई को अंधा बना दिया है। इसलिए अब महंगाई जन्मांध होने लगी है। वह सियासी कुर्सी प्राप्ति के लिए जनता के बीच जहर के खेत बोने लगी है। अंधी महंगाई और उसका एक आर्थिक आस्थावान आंख वाला मित्र एक कुर्सी के लिए संवैधानिक मूल्यों को तार-तार करते थे। वे दोनों अलग-अलग कुर्सी यात्रा पर निकले थे। दोनों अलग-अलग पार्टी के बंदे! उनका रास्ते में मिलना हो गया और उस आर्थिक आस्थावान मित्र ने उस अंधी महंगाई को अपने साथ ले लिया। वे कुछ दिन साथ-साथ चले, उनमें मैत्री घनी हो गई। एक दिन सुबह अंधी महंगाई पहले उठ गई, सुबह उसकी नींद पहले खुल गई। उसने टटोलकर अपनी सियासी पार्टी के झंडे वाली लकड़ी ढूंढ़ी। चुनावों की रात थी और वोटिंग के दिन थे। लकड़ी तो उसे नहीं मिली। एक पुराने मुद्दों का सांप पड़ा हुआ था। यह नए चुनावों के मारे एकदम सिकुड़कर कड़ा हो गया था। उसने उसे उठा लिया। उसने टीवी डिबेट को धन्यवाद दिया कि मेरी पार्टी के झंडे की लकड़ी तो खो गई, लेकिन उससे बहुत ज्यादा बेहतर, बहुत प्रभावी और जनता में तनाव पैदा करने वाली सुंदर लकड़ी तुमने मुझे दे दी। उसने टीवी डिबेटबाज कन्या को धन्यवाद दिया कि तुम बड़ी कृपालु हो। उसने उसी लकड़ी से अपने आंख वाले आस्थावान मित्र को धक्का दिया और उठाने की कोशिश की कि उठो, सुबह हो गई है। वह आंख वाला मित्र उठा। देखकर घबड़ाया। उसने कहा- तुम हाथ में ये क्या पकड़े हुए हो? इसे एकदम छोड़े दो।

# हाय-हाय यह गर्मी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**कुछ कहावतें** समय के साथ बदलती रहती हैं। जैसे तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा। लेकिन पंखे की तीन पत्तियाँ तीन तिगाड़ा तो कतई नहीं हो सकती। गर्मी के दिनों में वो न हो तो आदमी का बिगाड़ा हो सकता है। जिस प्रकार ब्रह्मा, विष्णु, महेश की तिकड़ी दुनिया चलाती है, ठीक उसी तरह पंखे की तीन पत्तियाँ मेरे घर को। पंखे की स्पीड पाँच की हो तो कहना ही क्या, बिखरे हुए अखबार के पन्नों की तरह सब कुछ फड़फड़ाने लगता है। पंखा पुराण में नाना प्रकार की कष्ट लीलाएँ वर्णित हैं। पंखा न चले तो बच्चे घर से भाग जाते हैं। सब्जियाँ खराब हो जाती हैं। गर्मी में जिन कपड़ों को धोने के लिए पांच मिनट लगते हैं, वही पसीने से तर-बतर होने के लिए दो मिनट। कभी-कभी तो लगता है कि मैगी नूडल्स ने दो मिनट का फामूर्ला यहीं से चुराया है। पंखे के बंद होते मैं इस तरह छटपटाने लगता हूँ जैसे बिन पानी मछली। वैसे मछलियाँ बरसात के दिनों में भी सुरक्षित नहीं होती। भूख के आगे सभी अभागे हैं। कभी-कभी सोचता हूँ यह पंखा न होता तो क्या होता? न मेरी शादी होती, न मेरे बच्चे। या यूँ कहिए कि दुनिया ही नहीं होती। बहरहाल, पंखे के बंद होते ही, सारा-का-सारा माहौल अचानक से पसीने का पानीपत बन जाता है। कभी आप बगलों को खुजलाते हैं तो कभी सिर। कभी पीठ को खुजलाते हैं तो कभी कुछ। ऐसे समय में हमें अपने शरीर पर बड़ा पछतावा होता है। भगवान से प्रार्थना करते दिखाई देते हैं कि यह गर्मी का मौसम क्यों बनाया? बनाया तो बनाया बदन खुजलाने के लिए और दो-चार हाथ क्यों नहीं दिए? सच कहें तो पंखे का बंद होना समस्त मानवजाति के लिए अभिशाप बन जाता है। पंखा है तो हवा है। हवा है तो वाह-वाह है। नहीं तो आह-आह है। गर्मी के दिनों में वैसे तो सब कुछ जल्दी पकता है, लेकिन दिमाग का नंबर पहले आता है। इन दिनों में सरल वाक्यों का प्रयोग श्रेष्ठ माना जाता है। संयुक्त अथवा मिश्रित वाक्यों से खोपड़िया कुछ ज्यादा ही पक जाती है। ऐसे में मनुष्य गलतियों का पुतला वाली उक्ति को चरितार्थ करने में अपना सब कुछ लगा देता है। यही कारण है कि जब कोई किसी के घर जाता है तो उसके लिए टेबल वाला तीन पत्तियों का झेलनदार तीव्र गति में दौड़ा दिया जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### जगमोहन आनंद ने दो बदमाश युवकों को किया पुलिस के हवाले



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**घरौंडा विधानसभा** के गांव कैरवाली में आज मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर जगमोहन आनंद अपने मित्र सतीश राणा कैरवाली के पिताजी की रस्म क्रिया उपरान्त अपने भाई व स्टाफ के साथ वापिस करनाल लौट रहे थे। गांव से निकलते ही सडक पर कुछ स्कूली लड़कियां रोती सहमी नजर आयी, क्योंकि मोटरसाइकिल पर दो बदमाश किस्म के लडके उनका बीच रास्ता रोककर खड़े थे। स्कूली लड़कियों की उम्र करीब 12 से 16 साल के बीच थी। लडकों को ना तो आने जाने वालों का कोई डर था और ना ही छोटी बच्चियों को छेड़ते हुए उनकी आँखों में कोई शर्म थी।
मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने तुरंत गाडी साइड में लगाई और उनके पीएसओ अमरनाथ ने लडकों को पकड़ा। इस बीच लडकों के पास से एक चाकू भी मिला। जगमोहन आनंद ने तुरंत सारे मामले से एसपी शशांक सावन को अवगत करवाया एवं तुरंत इस मामले की सूचना डायल 112 पर दे दी। एसपी के बिना विलंब किए निर्देश के बाद घरौंडा पुलिस भी इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तुरंत ही मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों बदमाशों को हथियार व बाइक समेत काबू कर लिया है।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला**
**(मनीष)**
**(मो. नं. : 9896772006)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**(मो. नं. : 9466035040)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
**(मो. नं. : 98962 76156)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
**(मो. नं. : 94668 87896)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**(मो. नं. : 9991270143)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
**(मो. नं. : 98117 14343)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
**(मो. नं. : 9671232478)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर सिंह**
**(मो. नं. : 94162 71181)**

# गांव शामगढ़ में हुआ जागरूकता शिविर का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भारत सरकार वित्त** मंत्रालय द्वारा 1 अप्रैल से 30 जून तक सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत जागरूकता कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला के गांव शामगढ़ में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। संयुक्त सचिव पंकज शर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत अप्रैल, मई व जून (तीन माह) के लिए सभी ग्राम पंचायत स्तर पर सभी जिलों मे 1 अप्रैल से 30 जून तक जागरूकता कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें सभी लाभाथीर्यों को पूरे भारत में सुरक्षा योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की



जनसंख्या को देखते हुए सरकार द्वारा यह निर्णय लिए गया है कि सभी लोगों को इस योजना के साथ जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि अभी तक इस योजना के तहत 13000 करोड़ प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं 2250 करोड़ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना क्लेम दिए जा चुके है। यह योजना वास्तव में बहुत अच्छी व कल्याणकारी योजना है। इस योजना में 2024 वर्ष का लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर पर बैंकवाईज टारगेट 12 करोड़ पीएमजेजेबीवाई तथा 35 करोड़ पीएमएसबीवाई का लक्ष्य सरकार द्वारा दिए गए है जिसको हम सब ने मिल कर पूरा करना है। इस लक्ष्य के तहत करनाल जिले के सभी 8 ब्लाक की 191 शाखाओं को 93844 पीएमजेजेबीवाई 261222 लोगों का बीमा करना है। दोनों योजनाओं में प्रीमियम कि राशि वार्षिक 456 रुपये है जो कि एक दिन का सिर्फ 1 रुपये 25 पैसे बनती है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजना जैसा कि हम सब जानते है कि प्रधानमंत्री की ओर से वर्ष 2014 से हमारे देश में प्रधानमंत्री जीवन जयोति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना इत्यादि की योजनाएं चल रही है जिनका आप सभी फायदा उठा सकते हैं। यह योजना सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा एवं इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक द्वारा दी जा रही है।

**8 देश की जनसंख्या को देखते हुए सरकार द्वारा यह निर्णय लिए गया है कि सभी लोगों को इस योजना के साथ जोड़ा जाए**

इसका उद्देश्य देश के लोग अपने परिवार को अपने जाने के बाद भी सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि यह योजना 31 मई से पहले से आपके खाते से प्रीमियम अपने आप काट लेता है। इसलिए आप अपने खाते में न्यूनतम राशी अवश्य रखें, जो कि 456 रुपये है। इसमें दो योजनाएं हैं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन जयोति बीमा योजना। आपको सिर्फ बैंक संस्था को सहमति पत्र देना है, आपको सुनिश्चित करना होगा कि आपके खाते में पर्याप्त शेष राशि है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रतिवर्ष नवीनीकरण करवाना होता है।

कार्यक्रम में अंचल प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक चंडीगढ़ डॉ.राजेश प्रसाद, मण्डल प्रमुख पंजाब नेशनल बैंक करनाल जगजीत सिंह, उप मंडल प्रमुख पंजाब नेशनल बैंक करनाल वेद प्रकाश बंसल, जिला अग्रणी बैंक अधिकारी सुशील कुमार हन्दुजा, चीफ मेनेजर, पंजाब नेशनल बैंक करनाल प्रवेश शर्मा, पंजाब नेशनल बैंक तरावड़ी सुधीर वर्मा, मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक करनाल राधेशाम गुप्ता एवं आसपास के सभी बैंको के अधिकारियों एवं ग्राम शामगढ़ के सरपंच गुल ढिल्लों, रविजीत ढिल्लों, बाल किशन, सुरेश कुमार एवं करनाल आरसेटी डायरेक्टर हरीश खरबन्दा, डायरेक्टर आर सेटी, हरीश खरबंदा, वित्तीय साक्षरता सलाहकार चन्द्रमोहन व गाँव शामगढ़ एवं आसपास के गाँव के किसानों एवं सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं तथा आर सेटी काछवा से आई परीक्षार्थियों ने भाग लिया।

## एनडीपीएस एक्ट के तहत चल रही कार्यशाला का हुआ समापन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**हरियाणा** राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो मुख्यालय मधुबन में हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख अमिताभ सिंह ढिल्लो के कुशल मार्ग निर्देशन, दिशा निदेर्शों एवं पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के कुशल नेतृत्व में एनडीपीएस एक्ट बारे दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। हरियाणा नार्कोटिक्स उप पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, जिला न्यायवादी महिपाल सिंह, उप निरीक्षक मलकीत सिंह, नरेश कुमार एवं फोरेंसिक विशेषज्ञों द्वारा अनुसंधानकताओं को एनडीपीएस एक्ट की प्रक्रिया को समझाया गया। इसके अतिरिक्त अनुसंधानकर्ता को मुकदमा में किन कमियों की वजह से आरोपी बरी होता है, उस बारे में बताया गया। हाक साफ्टवेयर के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लगभग 42 अनुसंधानकताओं ने भाग लिया। अनुसंधानकताओं को एनडीपीएस एक्ट की शुरूआत से लेकर अंत तक की प्रक्रिया को समझाया गया। अनुसंधानकताओं को अभियोग को सफल बनाने की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को कोर्स सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

## योग का अभ्यास शरीर, श्वास और मन को जोड़ता है: दिनेश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**गांव ऊंचा** समाना में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तत्वाधान में तीन दिवसीय विशेष योग शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें मिशन के संचालक व प्रसिद्ध शिक्षक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में ग्रामीणों को योग का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने साधकों को बताया कि दैनिक जीवन में बेहतर सेहत के लिए योग का नियमित अभ्यास बहुत आवश्यक है। शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। योगासन शरीर में ऊर्जा के स्तर को बढ़ावा देने के साथ मन को



शांत करते हैं। योग का अभ्यास शरीर, श्वास और मन को जोड़ता है। समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योग अभ्यास में शारीरिक मुद्राओं, सांस लेने की प्रक्रिया और ध्यान का संयोजन किया जाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक कई तरह की बीमारियों में योग मददगार है।
दिनेश गुलाटी ने विभिन्न योग क्रियाओं, आसनों, सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। ग्रामीणों ने कहा कि शहरों के साथ-साथ आज गांव में भी योग की बहुत जरूरत है और दिनेश गुलाटी के निर्देशन में योग करके उन्हें अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने में मदद मिलेगी और अपने जीवन को बेहतर और निरोग बनाने में सक्षम रहेंगे। मिशन के सदस्य पवन सैनी और अनुज जैन वहां मौजूद रहे और उन्होंने ग्रामीणों की योगाभ्यास में मदद की। अन्य लोगों में सरपंच प्रतिनिधि एडवोकेट सुरेंद्र कुमार, पंच सोनू सैनी, कोच संदीप कुमार, मास्टर पप्पू खान, सुखराम पाल, रोहतास, राजेश, रामकुमार, विशाल और नितिन सैनी आदि मौजूद रहे।

## पंचकूला से स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिले के सरकारी अस्पतालों का किया दौरा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**पंचकूला** से स्वास्थ्य विभाग की दो टीमों ने शुक्रवार को करनाल के अलग-अलग सरकारी अस्पतालों का दौरा किया। इस दौरान टीम ने स्वास्थ्य सेवाओं को जांचा। दौरे के बाद टीम का नेतृत्व कर रही डिप्टी डायरेक्टर डॉ. दीपाली और डिप्टी डायरेक्टर डॉ. काजल ने कहा कि करनाल में सभी स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त मिली हैं। डॉक्टर की टीम में डॉक्टर माला, डॉ. सुचिता, डॉ. गिरिश व डॉ. ममता शामिल रही। दोनों टीमों ने सिविल अस्पताल



करनाल, सीएचसी कुंजपुरा, पीएचसी मधुबन, हैल्थ वैलनेस सेंटर बुढाखेड़ा, पॉलिक्लीनिक सेक्टर-16 और पीएचसी रामनगर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने साफ सफाई, मरीजों के लिए बैड, दवाईयों, लेबर रूम की व्यवस्था व अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दौरे के दौरान टीम ने मरीजों से भी बातचीत की।

## शुक्रवार को करनाल में मिले कोरोना के 22 नए मामले : डॉ. योगेश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सिविल सर्जन** डॉ. योगेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को जिला में कोरोना के 22 नये पॉजिटिव केस मिले हैं, जबकि 40 व्यक्ति ठीक हुए है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 1087246 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए हैं तथा पिछले 24 घंटे में 227 सैंपल लिए गए। लिये गए कुल सैंपलों में से अब तक 50615 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 49850 मरीज ठीक हो गए हैं। जिला में अब कोरोना वायरस के 161 एक्टिव पॉजिटिव केस हैं।

## 'रेंट दुकानदार मुख्यमंत्री शहरी निकाय स्वामित्व योजाना का उठाएं लाभ'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**मुख्यमंत्री शहरी** निकाय स्वामित्व योजना का लाभ लेने के लिए रेंट दुकानदार आगे आ रहे हैं। नगर निगम की ओर से अब तक 19 किराया दुकानदारों को पेमेंट जमा करवाने का नोटिस दिया गया है, इनमें से 14 दुकानदारों ने फुल पेमेंट जमा करवा दी है, 8 की रजिस्ट्री भी हो चुकी है। अगले कुछ दिनो में शेष आवेदनों पर प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इसके अतिरिक्त निगम के अधीन इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की 33 दुकाने हैं, इनमें से 16 दुकानदारों ने योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया था। जांच करने पर 7 रेंट दुकानदार सही पाए गए हैं, जल्द ही उनके आवेदन अप्रूव हो जाएंगे, शेष 9 के आवेदन अधूरे दस्तावेजों के चलते अप्रूव नहीं किए जा सकते। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने दी। 31 दिसम्बर 2022 को 20 साल की अवधि पूरी कर चुके रेंट दुकानदार बन सकते हैं दुकानों के मालिक- निगमायुक्त ने बताया कि ऐसे रेंट दुकानदार जो 31 दिसम्बर 2022 तक 20 साल की अवधि पूरी कर चुके हैं, वह इस पॉलिसी का लाभ लेने के पात्र हैं। उन्हें सबसे पहले योजना के सेल ऑफ शॉप्स पोर्टल पर आवेदन करना होगा, जो ओपन है, लेकिन यह अगले एक महीने तक रहेगा। इसलिए रेंट दुकानदारों को जल्द आवेदन करना चाहिए, ताकि वे इसका लाभ ले सकें।
योजना का लाभ लेने में रूचि न



दिखाने वाले दुकानदारों को पड़ेगा महंगा- उन्होंने बताया कि जिन दुकानदारों ने अब तक आवेदन करने में रूचि नहीं दिखाई है, उन्हें भविष्य में किराए को लेकर दुकान महंगी पड़ सकती है। पॉलिसी में स्पष्टद्द किया गया है कि जो दुकानदार निश्चित अवधि में आवेदन नहीं करेंगे, उन्हें भारी भरकम किराया चुकाना पड़ेगा। इसके लिए एक फामूर्ला निर्धारित किया गया है। फामूर्ले के अनुसार जिस लोकेशन में दुकान स्थित है, वहांकलेक्टर रेट से एक साल का जितना किराया बनेगा, उसमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की फिक्सड डिपोजिट पर वार्षिक ब्याज दर की तर्ज पर अतिरिक्त प्रभार जुड़ जाएगा। इस प्रकार एक वर्ष की जितनी कुल राशि बनेगी, वह दुकानदार को चुकानी होगी। इस राशि को चाहे मासिक किराए के रूप में या एक साल की इकठ्ठी भी चुका सकते हैं। उन्होंने आगाह किया कि इस फामूर्ला से मौजूदा किराए की दर कई गुणा बढ़ जाएगी।

## मुफ्त कानूनी सहायता को लेकर किया जागरूक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**गांव मंजूरा** स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में मुफ्त कानूनी सहायता को लेकर स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सीजेएम जसबीर ने की। सीजेएम ने सभी बच्चों को मुफ्त कानूनी सहायता कैसे प्रदान की जा सकती है और कौन.-कौन इसके पात्र हो सकते हैं, इसके बारे में विस्तारपूर्वक बच्चों को बताया। साथ ही साथ बच्चों को उनके मौलिक कर्तव्य एवं अधिकारों के बारे में भी अच्छे से ज्ञान दिया। उन्होंने बताया कि कोई अनुसूचित जाति या जनजाति, बच्चा,



महिला, बेगार से पीडित कोई व्यक्ति, प्राकृतिक आपदा से पीडित, कोई न्यायिक हिरासत में या कोई जनरल कास्ट का लेकिन उसकी सालाना आय तीन लाख से कम हो या कोई सीनियर सिटीजन हो, ऐसे व्यक्ति को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। सीजेएम ने साथ ही साथ बच्चों के आग्रह पर मेरी कहानी के नाम से बच्चों को अपने जीवन पर आधारित कहानी बताई एवं सभी बच्चों का मार्गदर्शन किया कि कैसे वह किताबों से पढकर उसमें लिखी शिक्षा को अपनाकर अपने जीवन को सार्थक कर सकते हैं एवं सभी बच्चों को उनके मन में उठ रहे सभी प्रश्नों का जवाब देकर उनका उत्साहवर्धन किया और उनकी प्रेरणा का स्तोत्र बनी। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता नरवाल, राजकीय उच्च विद्यालय चिड़ावा की प्रधानाचार्या विनिता शर्मा, अध्यापक विक्रम चौहान एवं लिटरेसी सेल के जिला हेड दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे।
इस कार्यक्रम के बाद सीजेएम जसबीर कौर ने बच्चों से वातार्लाप की और उनके मन में उठने वाले प्रश्नों के बारे में पूछा और उसका उत्तर दिया। कार्यक्रम में लगभग तीन सौ बच्चों ने बढ़-चढकर भाग लिया।

## ग्रामीणों की मांग पर विधायक कल्याण ने लिया त्वरित संज्ञान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**विधायक हरविंद्र** कल्याण ने सेक्टर-33 के साथ लगती जमीन पर स्थित मुख्य मार्ग को नई प्लानिंग के अनुसार दोबारा से व्यवस्थित और सुचारू करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने हुडा के इस्टेट आफिसर अनुभव मेहता, एक्सईएन धर्मवीर से चर्चा कर हजारों लोगों की आवाजाही की परेशानी को संजीदगी से समझकर उसे हमेशा के लिए दूर करने के लिए इसे अपनी भविष्य की योजना में शामिल कर उसी अनुरूप विकास कार्य को अंजाम देने के लिए कहा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहां विकास की गति आवश्यक है, वहीं अधिकारियों को इस बात का विशेष ख्याल रखना चाहिए कि विकास की किसी परियोजना से जनता को किसी तरह की बाधा या परेशानी न आए। बता दें कि हुडा के सेक्टर-33 के साथ लगती जमीन को अक्वायर करने के कारण मुख्य सडक को बंद करने की विभागीय योजना है और जो रास्ता उनके लिए छोड़ा गया, वह बहुत तंग और टेढ़ा-मेढ़ा है। इस संदर्भ में करनाल रेस्ट हाउस में वार्ड नंबर तीन के घरौंडा विधानसभा के अंतर्गत आने वाली उत्तम नगर, एसपी कॉलोनी, राजीवपुरम, डीसी कॉलोनी, फूसगढ़, तिगड़ा कॉलोनी के ग्रामीणों ने विधायक हरविंद्र कल्याण से मुलाकात कर बताया कि सेक्टर-33 के साथ लगती जमीन को अक्वायर करने के कारण हुडा विभाग की योजना भविष्य में मुख्य मार्ग को बंद करने की है।

## जीतराम बने कांग्रेस ओबीसी सेल के स्टेट वाइस चैयरमैन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**कांग्रेस नेता** जीतराम कश्यप को कांग्रेस ओबीसी सेल का स्टेट वाइस चेयरमैन बनाया गया है। साथ ही उन्हें पानीपत, कुरुक्षेत्र और सोनीपत जिले का प्रभारी भी बनाया गया है। करनाल के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में असंध से कांग्रेस विधायक शमशेर सिंह गोगी ने जीतराम कश्यप को फूल मालाएं पहनाई और नियुक्ति पत्र सौंपा। नवनियुक्त वाइस चेयरमैन जीतराम कश्यप ने ओबीसी सेल के स्टेट चेयरमैन कैप्टन अजय सिंह यादव, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे और कुमारी शैलजा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जो भी जिम्मेदारी कांग्रेस की तरफ से उन्हें दी गई है, उसे पूरी मेहनत लगन



और जिम्मेदारी के साथ निभाऊंगा और आगे भी कांग्रेस पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी, उसे पूरी शिद्दत के साथ पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक कांग्रेस पार्टी सत्ता में नहीं आएगी, तब तक भाजपा के खिलाफ पूरी मजबूती के साथ संघर्ष करते रहेंगे और भाजपा की जडें.हिलाकर ही दम लेंगे। सभी वर्गों के लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ा जाएगा, ताकि दबे कुचले समाज के लोगों को भी उनका हक मिल सके। विधायक शमशेर सिंह गोगी ने कुश्ती खिलाडियों के मामले पर सरकार को घेरा असंध से कांग्रेस विधायक शमशेर सिंह गोगी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कुश्ती खिलाडियों के मुद्दे पर प्रधानमंत्री चुप क्यों है, उन्हें सामने आकर जवाब देना चाहिए, क्योंकि भाजपा की तरफ से ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया गया था। वीरवार को करनाल स्थित मुख्यमंत्री आवास के समक्ष सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन द्वारा काली पट्टी बांधकर धरना देने के मामले में विधायक ने चुटकी ली और कहा कि उमेश चांनना को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। मुख्यमंत्री आवास का नाम संत कबीर कुटीर रखने पर भी वोटों की राजनीति से संबंधित बताया और कहा कि भाजपा वास्तव में संत कबीर की नीतियों और उपदेश को नहीं मानती। मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेशभर में किए जा रहे जनसंवाद कार्यक्रम पर भी चुटकी लेते हुए विधायक ने कहा कि खुला दरबार लगाने की बजाए गिनती के लोगों से जनसंवाद करते हैं।

# शालीमार बाग के पार्कों में टूट पड़े हुए हैं झूले: सत्यपाल

## संबंधित विभाग समस्याओं का करें समाधान, ताकि न हो लोग परेशान: सत्यपाल शर्मा






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में कई ऐसे पार्क है, जिसकी सही से देखरेख न होने की वजह से वह पार्क अपनी सुन्दरता खोते जा रहे है। ऐसा ही कुछ हाल इन दिनों दिल्ली के शालीमार बाग स्थित डीडीए के पार्कों में उचित देखभाल के अभाव के कारण हो रहा है। पार्कों में जहां एक और झूले टूटे हुए है, वहीं प्लास्टिक सीट भी कई जगह पर टूटी हुई है। शालीमार बाग के समाजसेवी व जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने बताया कि शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के राम स्वरूप ठाकुर दास वाला जिला पार्क में अभी झूले और अन्य उपकरण लगे हुए दो या तीन माह ही हुए है। वो अभी से टूटने लगे है। प्लास्टिक सीट में दरार साफ देखी जा सकती है। उन्होंने आगे बताया कि मोटे वाला जिला पार्क में बच्चों का झूला गत 10 दिनों से टूटा पड़ा हुआ है। अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। मगर सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने आगे बताया कि यही हाल एए एण्ड एबी के मध्य डीडीए पार्क का भी है, जहां पर सैर करने के लिए बनाए ट्रैक के बीचों बीच वर्षों से सूखे पेड़ खड़े है, जिससे सैर करने वाले बच्चों व वरिष्ठ नागरिको को परेशानी हो रही है। यहां के शौचालय में फर्श टूटा हुआ है।



संगम पार्क वार्ड के निगम पार्षद सुशील कुमार एक कार्यक्रम के दौरान सम्मानित होते हुए। साथ में है अन्य गणमान्य लोग।

# 'शहरों की तरह गांवों में भी सुविधाएँ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार'

## ग्रामीण विकास बोर्ड की बैठक 25 मई को दिल्ली सचिवालय में की जाएगी आयोजित: गोपाल राय

**तीरथ राज /नई दिल्ली**
**दिल्ली के** विकास मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में दिल्ली के गाँवो के विकास कार्यो को गति देने के लिए दिल्ली सचिवालय में विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक के बाद विकास मंत्री गोपाल राय ने बताया कि ग्रामीण विकास बोर्ड की बैठक 25 मई को दिल्ली सचिवालय में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। दिल्ली के गाँवो के विकास से सम्बंधित 400 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट बोर्ड मीटिंग में प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए है। साथ ही



आईएंडएफसी के अधिकारियों को दिल्ली के गाँवो के विकास कार्यो से सम्बंधित परियोजनाओं और लंबित प्रस्तावों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। विकास मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली के गाँवो में विकास सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड का गठन किया गया था। इस बोर्ड का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के गाँवो में हर तरह की मूलभूत सेवाएँ सुनिश्चित करना है। इसी सन्दर्भ में आज दिल्ली के गाँवो से संबंधित विकास कार्य में तेजी लाने के लिए दिल्ली सचिवालय में विकास विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान चल रही परियोजनाओं एवं लंबित परियोजनाओं की समीक्षा की गई और साथ ही आईएंडएफसी के अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्राम विकास से संबंधित कार्य को तय सीमा के भीतर पूरा करें। साथ ही ग्रामीण विकास बोर्ड की बैठक 25 मई को दिल्ली सचिवालय में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस बोर्ड मीटिंग में दिल्ली के गाँवो के विकास से सम्बंधित 400 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। राजधानी के गांवों में विकास सुनिश्चित करने के लिए पिछली बोर्ड मीटिंग में दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड ने जिन योजनाओं को मंजूरी दी थी, इसी के संदर्भ में आज समीक्षा बैठक की गई। दिल्ली के विकास मंत्री गोपाल राय ने कहा कि केजरीवाल सरकार गांवों में सड़कों, पार्कों, नालियों और बहुउद्देशीय सामुदायिक केंद्रों की स्थिति में सुधार करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है।

# विधायक ने 'समर एक्शन प्लान' को लेकर की बैठक

## बुराड़ी क्षेत्र में जहां पर भी गंदे पानी की लीकेज है, उसको जल्द ही ठीक किया जायेगा





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बुराड़ी विधानसभा** क्षेत्र के विधायक संजीव झा ने दिल्ली जल बोर्ड के अतिरिक्त मुख्य अभियंता और अन्य इंजीनियरों की टीम के साथ 'समर एक्शन प्लान' को लेकर बैठक की। इस मौके पर मुख्यमंत्री प्रतिनिधि आशीष कुमार, विधायक प्रतिनिधि दिल्ली जलबोर्ड जय प्रकाश यादव के अलावा कई अधिकारी मौजूद रहे।
विधायक प्रतिनिधि दिल्ली जलबोर्ड जय प्रकाश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में 'समर एक्शन प्लान' को लेकर चर्चा की। साथ ही हम बुराड़ी की जनता को शुद्ध पानी कैसे दे सके, इस पर भी विशेष चर्चा हुई। इस मौके पर जय प्रकाश यादव ने बताया कि लोगो से मिले फीडबैक के आधार पर जल बोर्ड के द्वारा कार्य योजना तैयार की जाएगी। जिससे की बुराड़ी क्षेत्र की जनता को गर्मी में पानी की समस्या का सामना न करना पड़े।

# हम सभी को करना चाहिए रक्तदान: पूनम वर्मा

## गरीबों, असहायों, वचिंतों और जरूरतमंदों की सेवा करना बड़ा ही पुण्य का कार्य होता है: वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सेवा** से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। उक्त बातें वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की समाजसेविका पूनम वर्मा ने कही।
एक अन्य सवाल के जवाब में पूनम वर्मा ने कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है। उन्होंने कहा कि गरीब व असहाय की सेवा करना बड़ा ही पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को



इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम असहाय व गरीब की सहायता करें। जिससे की गरीब व्यक्ति को भी परेशान न

**पूनम वर्मा ने कहा...**

**= रक्तदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है, सभी रक्तदान करें, क्योंकि रक्तदान करना भी एक प्रकार का पुण्य का कार्य है।**

होना पड़े। उन्होंने आगे कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए मेरी सभी से अपील है कि इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें और दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें, जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि ब्लड डोनेट करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की जिम्मेदारी है। कि सभी को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान करना भी एक प्रकार का पुण्य का कार्य है।



निगम पार्षद मीनू गोयल गणेशपुरा प्राइमरी स्कूल का दौरा करते हुए साथ में भाजपा नेता विरेन्द्र गोयल व अन्य ।

# 'लोगों की नि:स्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है कांग्रेस कार्यकर्ता'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** नेता बालेराम ने कहा कि कांग्रेस की नीतियां जनहितैषी नीतियां है, कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि सभी कार्यकर्ता एकटिव होकर कार्य करें और बूथ पर कांग्रेस को मजबूत करें। एक अन्य सवाल के जवाब में बालेराम ने आगे बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की



सहायता करनी चाहिए, जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके। उन्होंने आगे बताया कि गरीबों व असहायों की मदद करना एक पुण्य का कार्य है, इसलिए सभी गरीबों की मदद करें।

# गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल में 'बाता पंजाब दीयां' कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी अधीन चल रहे गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल पंजाबी बाग में गुरुओं का इतिहास, गुरबाणी और पंजाब की संस्कृति का सुमेल देखने को मिला जिसे स्कूल प्रबन्धन और टीचर्स के द्वारा राबता ग्रुप के सहयोग से तैयार किया गया था।
इस मौके पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलो ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर हाजरी भरी। स्कूल के चेयरमैन सरबजीत सिंह



विर्क को चेयरमैन मनजीत सिंह ओलख एवं प्रिंसीपल अमरजीत कौर ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत गुरबाणी कीर्तन से की गई। इसके बाद गुरु इतिहास की जानकारी देता एक नाटक पेश किया गया।

# जनता को गुमराह करना बंद करें आम आदमी पार्टी: जे.एस. नेयोल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार** बाग विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी जेएस नेयोल ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है, जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह एक भी पूरे नहीं हुए है, जिसके चलते दिल्ली की जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को सुविधाएं दे रहे है।
उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी के राज में आज दिल्ली की कई कॉलोनियों में गंदा



पानी आ रहा है, जिसके चलते दिल्ली की जनता को मजबूर होकर बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है।

# दिल्ली को जाममुक्त बनाने के लिए प्लान तैयार: पीडब्ल्यूडी मंत्री

## राजधानी को जाम-मुक्त बनाने के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के विजन को पूरा करेंगे ये फ्लाईओवर: पीडब्ल्यूडी मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पीडब्ल्यूडी मंत्री** आतिशी ने पीडब्ल्यूडी विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ दिल्ली में वर्तमान में चल रहे 2 दर्जन से अधिक फ्लाईओवर प्रोजेक्ट्स के प्रगति की समीक्षा की। बता दें कि इस साल के अंत तक केजरीवाल सरकार द्वारा दिल्ली के लोगों को 4 नए फ्लाईओवर व 2 अंडरपास समर्पित किए जायेंगे। इसमें सराय काले खां टी-जंक्शन फ्लाईओवर, पंजाबी बाग से राजा गार्डन तक के फ़्लाइओवर का दोहरीकरण व विस्तार, आनंद विहार और अप्सरा बॉर्डर के बीच छह लेन के फ्लाईओवर, करावल नगर, घोंडा-बृजपूरी जंक्शन पर डबल डेकर फ्लाईओवर, मुकरबा चौक अंडरपास जैसे महत्वपूर्ण



प्रोजेक्ट्स शामिल है। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि ये सभी प्रोजेक्ट्स दिल्ली को जाममुक्त बनाने के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के विजन को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि ये सभी प्रोजेक्ट्स यातायात को सुगम बनाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इनके पूरा होने के बाद रोजाना कई लाख वाहनों को ट्रैफिक से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्त्व में पीडब्ल्यूडी दिल्ली शानदार काम कर रही है, वो न केवल जनता को सपने

**मंत्री ने कहा...**

**= केजरीवाल सरकार देश की पहली ऐसी सरकार जो कम लागत में फ्लाईओवरों के निर्माण के साथ जनता के करोड़ों रुपयों की बचत भी कर रही है।**

दिखाते है बल्कि उसे पूरा भी करते है। इसका नतीजा है कि दिल्ली में इतने शानदार डेवलपमेंट कार्य हो रहे है। उन्होंने आगे कहा कि केजरीवाल सरकार देश की एकमात्र ऐसी सरकार है जो न केवल तय समय में काम पूरे करती है बल्कि लागत से कम पैसों में काम को पूरा कर जनता के करोड़ों रुपए की बचत करती है, और इन प्रोजेक्ट्स में भी पीडब्ल्यूडी द्वारा जनता के सैकड़ों करोड़ रुपए की बचत हो रही है। समीक्षा बैठक के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि, वर्तमान में जितने भी फ्लाईओवरों का काम चल रहा है, उनका मासिक टारगेट बनाकर टाइमलाइन के साथ सभी प्रोजेक्ट्स को पूरा किया जाऐ और हर महीने उन्हें इसकी प्रोग्रेस रिपोर्ट सौंपी जाए। इस साल अंत तक तैयार होने वाले 4 फ्लाईओवर जाम को करेंगे दूर: सराय काले खां टी-जंक्शन फ्लाईओवर-केजरीवाल सरकार द्वारा बनाया जा रहा ये फ्लाईओवर इस साल जुले महीने तक बनकर तैयार हो जायेगो नए फ्लाईओवर के बनने से रिंग रोड पर स्थित सराय काले खां टी-जंक्शन सिग्नल फ्री कॉरिडोर बन जायेगा।

# हादसे को न्यौता दे रहे ओवरलोड मिट्टी के डम्फर

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**अगवानपुर रेलवे** फाटक से शहर की तरफ आने वाले ओवर लोड मिट्टी के डंफरों पर सख्त कार्रवाई होगी। इसके लिए एसडीएम अनुपमा मलिक ने बताया कि ओवरलोड हाईवा पर कार्रवाई के लिए आरटीओ को पत्र लिखा जाएगा। जल्दी ही कार्रवाई होगी। ज्ञात रहे कि अगवानपुर फाटक व शहर से गुजरने वाले ओवरलोड डम्फरों से वाहन चालक परेशान है। पुलिस का इस तरफ कोई ध्यान नही है। जब कि पुलिस आयुक्त सोनीपत बी. सतीश बालन के निदेर्शानुसार मुरथल पुलिस ने 24 अप्रैल को स्पेशल अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों की उल्लंघना करने, ओवर स्पीडिंग व अंडर ऐज ड्राइविंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए



25 ओवर स्पीडिंग व 18 अंडर ऐज ड्राइविंग के चालान किये गए हैं। वही शहर के लोगों का आरोप है कि राजनेताओं से आशीर्वाद प्राप्त ओवरलोड मिट्टी के डम्फर चालकों को गन्नौर में पुलिस व प्रशासन का कोई भय नही है। क्योंकि प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नही की जाती और पुलिस भी अब अनदेखी कर रही है। वाहन चालक सुरेन्द्र, सतबीर, महेन्द्र ने बताया कि प्रतिदिन अगवानपुर की तरफ से काफी संख्या में ट्रैक्टर ट्रालियों और डंफरों में मिट्टी ढोई जाती है। हवा में उड़ती मिट्टी पूरा दिन उनकी दुकानों के आगे गिरती है। इससे बीमारियां भी फैल रही है। दुकानदारों का कहना कि कोई कार्रवाई नहीं हो रही हैं वहीं पुलिस भी इन ओवर लोड वाहनों के चालान नहीं कर रही है। दुकानदारों ने उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि इन ओवर लोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

**8 थाना प्रभारी गन्नौर के थाना प्रभारी रवि ने बताया कि ओवरलोड वाहनों के चालान करने की पावर उनके पास नही है**

**तिरपाल ढककर जे लानी चाहिए मिट्टी को**: वाहन चालकों व शहर के लोगों का तर्क है कि यदि ये वाहन चालक मिट्टी को ले जाते हैं तो उसे तिरपाल से जरूर ढका जाना चाहिए, साथ ही उसे पानी से गीला करना चाहिए ताकि वह धूल बनकर उड़े ना। इससे दुकानों के आगे भी धूल जमा नहीं होगी और वहीं दुपहिया व अन्य वाहन चालक भी परेशान नही होंगे। सुबह के समय अक्सर रेलवे फाटक बंद रहती है और वे खुलने के बाद इतना भी इंजतार नही करते की छोटे वाहन चालक निकल जाए। उसके बाद ही ओवरलोड डम्फर को चलाया जाए। जिससे हादसा होने का भय रहता है। उनका कहना कि अगर उनकी स्पीड़ नही रूकी तो कोई हादसा हो सकता है और जिम्मेदार पुलिस व प्रशासन होगा।

**आरटीओ करेंगे औवरलोड डम्फरों के चालान, वे पुलिस मुहैया करवाएंगे : थाना प्रभारी**
गन्नौर के थाना प्रभारी रवि ने बताया कि ओवरलोड वाहनों के चालान करने की पावर उनके पास नही है। उनके चालान करने का काम आरटीओ का है। अगर वे उनसे पुलिस बल की मांग करेंगे तो वे उन्हें पुलिस बल उपल्बध करवा देंगे।

# अंत्योदय मेले की तैयारियों को लेकर एडीसी अनुराग ढालिया ने ली बैठक

## गरीबों का आर्थिक उत्थान में समर्पण व सेवा भाव के साथ कार्य करें अधिकारी : अनुराग



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। गरीब** परिवारों का कौशल विकास व उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत आगामी 2 से 25 मई तक जिला के सभी खंडों में अंत्योदय मेलों का आयोजन किया जाएगा। इन मेलों में सभी अधिकारी इन गरीबों का आर्थिक उत्थान करने के लिए पूरे समर्पण व सेवा भाव के साथ कार्य करें। यह निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने आज पंचायत भवन में विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा काउंसलिंग टीमों के लिए आयोजित बैठक में दिए।
एडीसी ने बताया कि यह योजना हरियाणा सरकार की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। मुख्यमंत्री की सोच है कि अंतिम पंक्ति में खड़े नागरिकों को समाज की मुख्यधारा में लाया जाए। इस कार्य में आप सभी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।
उन्होंने बताया कि इन मेलों में 19 विभागों द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को कौशल विकास व स्वरोजगार के साथ जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए 13 जोनल टीम बनाई गई है। सभी बीडीपीओ तथा नगर पालिका और नगर परिषद के सचिव इसके हेड होंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले 3 अंत्योदय मेले लग चुके हैं। यह चौथा मेला है। इस मेले में भी पिछले मेलों की तरह सेवा भाव के साथ कार्य करें। श्री ढालिया ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ के 5832 परिवारों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए इन मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक में सीएमजीजीए दिवाकर कुमार ने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।
सभी अधिकारियों व काउंसलिंग टीम को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में बताया गया। इस मौके पर काउंसिलिंग टीमों को बुकलेट भी वितरित की गई। जिला समाज कल्याण
अधिकारी अमित शर्मा ने इस अंत्योदय मेले के संबंध में की जाने वाली तैयारियों के बारे में अधिकारियों को बताया।
इस दौरान बीडीपीओ निशा तंवर, बीडीपीओ प्रमोद कुमार तथा डीआईओ हरीश शर्मा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### पूर्व शिक्षा मंत्री ने स्व. प्रकाश सिंह बादल के आवास पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश यादव**
**महेन्द्रगढ़। हरियाणा** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने शुक्रवार को पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय प्रकाश सिंह बादल के आवास बादल पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने स्वर्गीय बादल के पुत्र व पूर्व मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल को संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा कि स्वर्गीय प्रकाश सिंह बादल 5 बार पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री रहे उन्होंने अपने शासनकाल में लोगों की भलाई व मानव उत्थान के लिए अनेक कार्य किए जिनकी बदौलत उन्हें पंजाब की जनता सदा सदा के लिए याद करेगी। पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने पंजाब से महेंद्रगढ़ लौटकर एक बयान में कहा कि उन्हें राजनीतिक में अनेकों बार पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बादल के साथ मिलने का अवसर मिला वे बहुत मिलन व मधुर व्यक्तित्व के धनी थे।उन्होंने कहा कि प्रकाश सिंह बादल भाजपा के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगी भी रहे।

### दूषित जल भराव की समस्या का जायजा लेने पहुंचे मेयर निखिल मदान

**सोनीपत: मेयर** निखिल मदान ने शुक्रवार को गीता भवन फ्लाईओवर के साथ लगते क्षेत्र का दौरा किया।



मेयर निखिल मदान ने बताया कि क्षेत्र की कई दुकानों में सीवरेज लाइन के जाम होने के कारण दूषित जल भराव होने की समस्या उनके संज्ञान में आई थी। आज मौके पर पहुंचकर उन्होंने उपरोक्त समस्या का जायजा लिया है और दुकानदारों से मुलाकात की है। साथ ही मौके पर मौजूद नगर निगम एस डी ओ नरेंद्र कुमार एवं सीवरेज विभाग की पूरी टीम को उन्होंने समस्या के मूल कारण का पता लगाने के दिशा निर्देश दिए है। ताकि आगामी दो दिनों में समस्या का स्थाई समाधान किया जा सके। अस्थाई समाधान के तौर पर प्रभावित दुकानों में आज सुपर सकर मशीन एवं सक्शन ट्रैक्टर से जल भराव को दूर किया जाएगा। मेयर निखिल मदान ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर सीवरेज लाइन के जमीन में दबे किसी मेनहोल के जाम होने के चलते समस्या उत्पन्न हुई है। इसके समाधान की दिशा में निगम की टीम लगातार कार्य कर रही है। इस मौके पर संबंधित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।
मौके पर स्थानीय दुकानदार पुनीत जग्गा, मदन लाल टुटेजा,विनोद राठौर,संजय वालेचा, टोनी जैन,गौरव जैन,सौरव,प्रदीप राठी,रमेश कुमार शर्मा,रजनी कुछल्ल,राजिंदर,संजय टुटेजा आदि लोग मौजूद रहे।

### जिले में शुक्रवार को मिले कोरोना से संक्रमित 15 पोजिटिव केस: उपायुक्त सिवाच

**सोनीपत: उपायुक्त** ललित सिवाच ने बताया कि शुक्रवार को जिला में कोरोना में संक्रमित 15 नए पोजिटिव केस मिले हैं और 13 मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60324 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 278 हो गई है। अब तक जिला में 59 हजार 956 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अब 80 कोरोना एक्टिव केस है। जिला उपायुक्त ललित सिवाच ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपना टीकाकरण जरूर करवाए व पहले की तरह सतर्कता बरतते हुए प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा निदेर्शों की पालना अवश्य करे।

# विधायक पंवार ने दी वाटर कूलर की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत।**
**विधायक सुरेंद्र** पंवार ने मुरथल अड्डा के नजदीक स्थित आर्य गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को एक वाटर कूलर की सौगात दी है। वाटर कूलर की सौगात मिलने पर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे, क्योंकि अब उन्हें भीषण गर्मी में गर्म पानी नहीं बल्कि शीतल जल मिलेगा। विधायक सुरेंद्र पंवार रोटर क्लब ऑफ सोनीपत अरडेंट के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के तहत स्कूल में पहुंचे थे।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि उनके जीवन का मुख्य



ध्येय समाज सेवा करना है। इसके लिए वह प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर समाज सेवा के कार्य करने में जुटे रहते है। उन्होंने कहा कि कई राजकीय स्कूलों में जब उन्होंने विजिट किया तो देखा कि विद्यार्थियों के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था नहीं है, जिसके आभाव में विद्यार्थी गर्म पानी पीने को मजबूर है। उसी दिन से उन्होंने प्रत्येक राजकीय स्कूल में वाटर कूलर लगवाने की ठानी है, जहां पर विद्यार्थी गर्म पानी पीने को मजबूर है। इसके तहत ही कुछ समय पहले मॉडल टाऊन स्थित राजकीय स्कूल में विद्यार्थियों को वाटर कूलर की सौगात दी थी, अब आर्य कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को वाटर कूलर की सौगात दी है।
उन्होंने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है, जिसके तहत ही वह शहरवासियों की सेवा करने में तत्पर रहते है। इसके उपरांत विधायक सुरेंद्र पंवार ने मुरथल अड्डा स्थित राजकीय कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल में पहुंचे, यहां पर भी उन्होंने समस्याओं को जाना। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा है कि जल्द ही मुरथल अड्डा स्थित कन्या स्कूल में भी छात्राओं के लिए वाटर कूलर की सौगात दी जाएगी।

# रोटरी क्लब ने स्कूल को भेंट की डैस्क और कुर्सियां

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश यादव महेंद्रगढ़।**
**रोटरी** क्लब ने अपने शिक्षा प्रसार अभियान के तहत शुक्रवार को मोहल्ला बांस में स्थित मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल में डेस्क और कुर्सियां भेंट की गई और विद्यार्थियों को नोटबुक व पैंसिल तथा बिस्किट आदि वितरित किए गए। उपरोक्त जानकारी देते हुए क्लब के प्रधान मुकेश मेहता ने बताया कि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3011 के 2025-26 के निर्वाचित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डा. रविन्द्र गुगनानी के सहयोग से विद्यार्थियों की जरूरत को देखते हुए 25 डेस्क व 50 कुर्सियां भेंट की गई। नरेश चैयरमेन ने बताया कि पहले भी क्लब ने विद्यार्थियों के हित लिए अनेक कार्य किए जा चुके है और भविष्य में भी करते रहेंगे। ओर बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण कर अपना उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया जायेगा। स्कूल की मुख्य अध्यापिका श्रीमती संतोष कुमारी, रामप्रकाश शर्मा व समस्त स्टाफ द्वारा क्लब के प्रधान मुकेश मेहता व सभी सदस्यों का स्वागत किया व इस नेक कार्य के लिए आभार भी व्यक्त किया। इस आयोजन के अवसर पर क्लब के सचिव सुशील शर्मा, नरेश चेयरमैन, बसंत गोयल, आनन्द शर्मा, मनीष अग्रवाल, दलीप गोस्वामी, सुरेश सैनी, गौरव गुप्ता, प्रवीण दीवान, सुरेश सैनी, सौरभ शर्मा, सुनीता वर्मा, ओमबीर सिंह, जितेंद्र कुमार, सतेन्द्र सिंह, जय सिंह, सहित सभी सदस्यगण उपस्थित थे

# गौ सेवा आयोग के माध्यम से हरियाणा सरकार पंजीकृत गौशालाओं को दे रही ग्रांट: डॉ. अनमोल

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,**
**नगराधीश डॉ०** अनमोल ने कहा कि गौ सेवा आयोग के माध्यम से हरियाणा सरकार राज्य की पंजीकृत गौशालाओं को हर वर्ष ग्रांट दे रही है। इसके लिए गौशाला संचालकों की तरफ से चारा व अन्य योजनाओं के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होता है। नगराधीश डॉ० अनमोल ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में पशुओं के खिलाफ क्रूरता को रोकने के लिए गठित सोसाइटी फॉर द प्रिवेंशन ऑफ क्रूएल्टी टू एनिमल्स (एसपीसीए) के बेहतर तरीके से क्रियान्वयन के



संबंध में पशु पालन विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। नगराधीश ने कहा कि जीव-जंतु तथा पशुओं पर होने वाले अत्याचार को रोकने के लिए पशु क्रूरता निवारण अधिनियम है। इसी उद्देश्य से जिला में एसपीसीए का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में व्यक्ति का मूल्यांकन धन, ऐश्वर्य के आधार पर नहीं बल्कि सेवा और सद्गुणों के आधार पर किया गया है। मनुष्य को अपने पद और सेवा का उपयोग जनसेवा के लिए करना चाहिए।

# जान से मारने व हाथ पैर तोड़ने की दी धमकी

**गन्नौर।** सट्टे में हारे हुए पैसे न देने पर चार युवकों ने गन्नौर के एक दुकानदार को जान से मारने व उसके हाथ पैर तोड़ने की धमकी दी है। पीड़ित दुकानदार गन्नौर थाना में धमकी देने वाले 4 लोगों के खिलाफ शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। दुकानदार यतिन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्ष 2017 में वो दिल्ली में रहता था और अपने दोस्त मोन्टी,हरदीप व प्रतीक निवासी दिल्ली के साथ सट्टा खेला था।उन्होने बताया कि हरदीप व प्रतीक ने मोन्टी से हारे हुए सट्टे के पैसे लेने थे तो मैने उन दोनों कहा कि पैसे देने के लिए 3-4 महीने का समय दे दो वे उनके सारे पैसे दे देगा।

# चौधरी देवी लाल कन्या कालेज सिवाह में मनाया वार्षिक उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत में** चौधरी देवी लाल कन्या पीजी कालेज सिवाह का वार्षिक उत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह शुक्रवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। समारोह में प्रदेश के श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री अनूप धानक ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और कालेज के प्रधान एवं जजपा के प्रदेश संगठन सचिव देवेंद्र सिंह कादियान ने अध्यक्षता की। वहीं राज्य मंत्री अनूप धानक ने कहा कि लड़कियों को शिक्षा देने को लेकर पूर्व स्पीकर चौ. सतबीर सिंह कादियान और डा. अजय सिंह चौटाला द्वारा 2004 में यह कालेज स्थापित किया गया।



कालेज की छात्राएं अब शैक्षणिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में मेडल प्राप्त करके पानीपत का नाम रोशन कर रही है। राज्य मंत्री अनूप धानक ने कालेज की मेधावी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं राज्य मंत्री अनूप धानक ने कालेज को 11 लाख की रूपए की राशि भेंट की, जिस पर कालेज प्रधान देवेंद्र कादियान व महासचिव लाभ सिंह कादियान ने उनका आभार व्यक्त किया।
कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ सुमन लता ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।
जबकि गांव के पूर्व सरपंच खुशदील कादियान ने भी राज्य मंत्री धानक का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रो. उर्मिला एवं प्रो. प्रियंका ने किया। इस अवसर पर महेंद्र सिंह कादियान, सुरेश रोहिल्ला व रामनिवास पटवारी ने एक-एक लाख रूपए देकर कालेज की सदस्यता ग्रहण की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुरेश काला, शहरी प्रधान सोहनलाल बठला, ग्रामीण प्रधान धर्मबीर राठी, निर्मल कादियान, कुलदीप दिवाना, राम निवास पटवारी, जयप्रकाश कादियान, ढिल्लो साहब, पुष्पा त्यागी, सुमन, सुशीला, बिजेंद्र कादियान, सुभाष शर्मा, अंकित चौधरी, लालचंद बिंझौल, लेखराज खट्टर, मीनाक्षी चावला, सुमन नरवाल व सुरेंद्र कादियान आदि मौजूद रहे।

# अमेजन कंपनी के धरनारत कर्मचारियों को समर्थन देने पहुँचे मेयर मदान

## कम्पनी के उच्च अधिकारियों से की मुलाकात, बातचीत कर मामले का समाधान करने की कोशिश



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/**
**मेयर निखिल** मदान शुक्रवार को अमेजन कम्पनी के बाहर धरना दे रहे कर्मचारियों के बीच पहुँचे। इस मौके पर उन्होंने कम्पनी के कर्मचारियों की मांगे सुनी और हर प्रकार से समर्थन का भरोसा दिलाया। कर्मचारी दीपक ने बताया कि अमेजन कम्पनी ने उन्हें एक महीने का नोटिस देकर नौकरी से बर्खास्त कर दिया है,जो सरासर गलत है। अमेजन कम्पनी उन्हें सोनीपत के बराबर वेतन में गुरुग्राम भेज रही है लेकिन गुरुग्राम में इतने कम वेतन (12000 मासिक) में काम करना मुमकिन नहीं है। या तो गुरुग्राम में उनका वेतन बढ़ाया जाए या फिर उनकी मांग है कि कम्पनी उन्हें कम से कम 6 महीने का अग्रिम वेतन देकर नौकरी से निकाले ताकि वो कहीं दूसरी जगह नौकरी ढूंढ सके। कर्मचारियों से मिलने के बाद मेयर निखिल मदान ने कम्पनी परिसर में अमेजन कम्पनी के उच्च अधिकारीयों से बात की और कर्मचारियों का पक्ष उनके सामने रखा। कम्पनी प्रतिनिधि प्रतीक ने बताया की कम्पनी सभी लोगों को सोनीपत में ही दूसरी कंपनियों में रोजगार उपलब्ध करने का प्रयास कर रही है जिसे कुछ दिनों में पूरा कर लिया जायेगा। इसके अतिरिक्त अग्रिम वेतन और वेतन बढ़ोतरी की मांगों के लिए भी उन्होंने कम्पनी के आला अधिकारीयों से बात की है जिसका जवाब उन्हें कल तक मिल जायेगा। अमेजन कम्पनी अपने सभी कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएँ देने के लिए प्रतिबद्ध है। मेयर निखिल मदान ने सभी कर्मचारियों को भरोसा दिलाया की जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान करवा दिया जायेगा।

# रिश्वत मामले में पकड़े पटवारी के समर्थन में उतरी पटवारी

## पटवारी व कानूनगों न मिलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**वीरवार को** एसीबी द्वारा एक पटवारी रिश्वत को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। जिसकी गिरफ्तारी के खिलाफ शुक्रवार को पटवारी एसोसिएशन ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। पटवारियों का आरोप है कि एंसीबी ने नवीन के खिलाफ जानबूझकर कार्रवाई की है और उसे जबरदस्ती फंसाया गया है। पटवारियों के धरने के असर गन्नौर पटवार खानों पर भी देखने को मिला। पटवारियों के इस कदम के बाद पटवारखाने में अपने काम लेकर पहुंचने वाले आम नागरिकों



को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पटवारी नवीन की गिरफ्तारी के बाद जहां एक तरफ पटवारी एसोसिएशन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली गई है, तो दूसरी तरफ पटवारियों से अपने कागजात प्रमाणित करने वाले युवाओं व आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर शुक्रवार को जिनकी सरकारी नौकरी लग चुकी है और अपने कागजात पटवारियों से प्रमाणित करवाने के लिए उनके कार्यालयों पर पहुंचे तो वहां पर ताले लटके पाए,जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। युवाओं ने बताया कि हमारी सरकारी नौकरी लग चुकी है। हम अपने कागजात पटवारियों से प्रमाणित करवाने पहुंचे थे। लेकिन पटवारी न मिलने से उनके कागजात प्रमाणित नहीं हो सकें ,जिसके चलते उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर बाद पटवारी लौटे और युवाओं के सीईटी से संबधित कागजातों के काम को पूरा किया।

# बाइक सवार दो युवक फोन करने के बहाने फैक्ट्री कर्मचारी का मोबाइल फोन लेकर भागे

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**बड़ी इंडस्ट्रीज** एरिया के गेट नम्बर दो के पास से दो मोटरसाइकिल सवार अज्ञात युवक,फैक्ट्री कर्मचारी का मोबाइल फोन लेकर भाग गए। फैक्ट्री कर्मचारी विभांशु शुक्ला गांव उदपुर घाटमपुर जिला जौनपुर उत्तर प्रदेश ,हाल किराएदार नजदीक काली माता मंदिर बड़ी ने पुलिस को शिकायत देकर अज्ञात मोबाइल लेकर भागे युवकों के खिलाफ कारवाई करने की गुहार लगाई है। विभांशु ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वो बड़ी इंडस्ट्रीज एरिया में फैक्ट्री नंबर 427 में काम करता है। उन्होंने बताया कि वो ड्यूटी खत्म करके करीब पौने सात बजे पैदल अपने कमरे पर जा रहा था उन्होंने बताया कि जब वो गेट नम्बर दो के पास पहुंचा तो दो अनजान नौजवान लड़के मोटर साईकिल पर सवार होकर आए । पीड़ित ने बताया कि उन्होंने कहा कि एक बार फोन देना कही जरूरी फोन करना है मेने सोचा कि कोई मजबूरी होगी मेने अपना मोबाइल फोन उनको दे दिया। विभांशु ने बताया कि वो फोन करने लगें लेकिन उनका फोन लग नही रहा था एक लड़का मेरा फोन कान पर लगाकर चल पड़ा और थोड़ी दूर जाने के बाद दोनों लड़के मेरा फोन लेकर मोटरसाइकिल पर सवार होकर भाग गए।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



## 'तीन दिन के भीतर हर घर में अपनी पहुंच बनाएं भाजपाई'

### अयोध्या : चुनाव को लेकर भाजपा संगठन एक्टिव, प्रदेश प्रभारी ने तैयार की ऐतिहासिक जीत की रणनीति



**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

नगर निगम अयोध्या में महापौर व पार्षदों के चुनाव को लेकर भाजपा संगठन एक्टिव मोड पर आ गया है। शुक्रवार को भाजपा प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह ने चुनाव में ऐतिहासिक विजय की रणनीति संगठन की बैठकों में तैयार की। उन्होंने अलग-अलग मंडल की बैठक की। उन्होंने कहा कि भाजपा का कोई भी पदाधिकारी अपने घर चाय न पीकर किसी परिवार या अपनी टीम के साथ किसी चौराहे या बैठक में पीये। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रत्येक पदाधिकारी को अपने बूथ को जीताने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी होगी। इसके लिए बूथ की बैठकों व जनसम्पर्क में शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि तीन दिन के भीतर हर घर में अपनी पहुंच बनानी होगी। जनसम्पर्क की टीम में महिला पदाधिकारियों व कार्यकताओं को सम्मलित करना आवश्यक है तथा पदाधिकारियों को सामूहिक रुप से वार्ड में भ्रमण करना है। बैठकों में भाजपा प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह ने कहा कि भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता सार्वजनिक जगह पर 'चाय' पीयें और इस दौरान चुनाव को लेकर चर्चा करें तथा जनता की राय भी लें। उन्होंने कहा कि हर बूथ सर्वस्पर्शी होना चाहिए। चुनाव में

**चुनावी रणनीति**

**शुक्रवार को भाजपा प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह ने चुनाव में ऐतिहासिक विजय की रणनीति संगठन की बैठकों में तैयार की**

बूथ तथा पन्ना प्रमुखों की बड़ी भूमिका है। सभी पन्ना प्रमुखों का सक्रिय होना अति आवश्यक है। पन्ना प्रमुख रोज अपने पेज में मौजूद मतदाताओं से रोजाना सम्पर्क व संवाद करके उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें। रोजाना इनकी बैठक लेकर दिन भर की समीक्षा की जाय। इसके साथ में रोजाना वार्ड की बैठकें करके अगले दिन की रणनीति बनायी जाय। उन्होंने करिअप्पा मंडल की बैठक सिविल लाईन स्थित पार्टी कार्यालय, देवकाली मंडल की बैठक पंचशील होटल में, अयोध्या मंडल की बैठक तीन कलश तिवारी मंदिर में लिया। बैठक में सभी मंडल के सभी पदाधिकारी, सेक्टर प्रमुख, वार्ड अध्यक्ष, प्रभारी व संयोजक व अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। तीनों बैठकों में भाजपा उम्मीदवार महंत गिरीश पति त्रिपाठी मौजूद रहे। महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि नगर निगम चुनाव में हमें हर बूथ पर विजय के लक्ष्य को लेकर चलना है।

# रूस-भारत में 'मेक इन इंडिया' पर हुई चर्चा

### राजनाथ सिंह ने उज्बेक, बेलारूसी और किर्गिज समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं

**चर्चा की**

**तीनों रक्षा मंत्रियों के साथ आपसी हित के मुद्दों पर भी चर्चा हुई। बैठकों के दौरान तीनों देशों के साथ रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) बैठक से अलग रूस के रक्षा मंत्री जनरल सर्गेई के शोइगु के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों मंत्रियों ने सैन्य-से-सैन्य संबंधों के साथ-साथ औद्योगिक साझेदारी सहित द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के मुद्दों को लेकर व्यापक चर्चा की। उन्होंने 'मेक इन इंडिया' पहल में रूसी रक्षा उद्योग की भागीदारी और इसे तेजी के साथ आगे बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की। दोनों मंत्रियों ने क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा के मामलों पर भी चर्चा की। उन्होंने दोनों देशों के बीच विशेष रूप से रक्षा क्षेत्र में निरंतर विश्वास और आपसी सम्मान पर संतोष व्यक्त किया और साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने भारत और रूस के बीच अद्वितीय, दीर्घकालिक और समय-परीक्षित संबंधों को स्वीकार किया। इसके अलावा राजनाथ सिंह ने उज्बेकिस्तान, बेलारूस और किर्गिस्तान के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। तीनों रक्षा मंत्रियों के साथ आपसी हित के मुद्दों पर भी चर्चा हुई। बैठकों के दौरान तीनों देशों के साथ रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की गई, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए लाभकारी अवसरों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इन बैठकों में सीडीएस जनरल अनिल चौहान और रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने भी मौजूद रहे। द्विपक्षीय बैठकों के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एससीओ के महासचिव झांग मिंग से मुलाकात की। भारत की अध्यक्षता में शंघाई सहयोग संगठन की विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। राजनाथ सिंह ने महासचिव को बताया कि भारत एससीओ के फैसलों के कार्यान्वयन में रचनात्मक योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध

## नितिन गडकरी ने नाम लिए बिना चीन को दिया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**रक्षा** क्षेत्र में सहयोग की चीन की पेशकश के प्रति ठंडा रुख दिखाने के अगले ही दिन भारत ने एससीओ की एक और बैठक में चीन को यह संदेश देने में संकोच नहीं किया कि कनेक्टिविटी एक बड़ी प्राथमिकता है, लेकिन इस संगठन के सभी देशों को दूसरों की संप्रुभता और क्षेत्रीय अखंडता का पूरा सम्मान करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यह बात कही। गडकरी ने चीन समेत किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन उनकी यह बात बीजिंग के लिए स्पष्ट नसीहत है, जो वन बेल्ट, वन रोड सरीखी अपनी इन्फ्रा विकास की परियोजनाओं को लेकर कई क्षेत्रीय विवादों में घिरा है। एससीओ में शामिल देशों के परिवहन मंत्रियों की बैठक में चीन और पाकिस्तान वर्चुअल रूप से शामिल हुए। भारत इस वर्ष एससीओ की अध्यक्षता कर रहा है। गडकरी ने कहा कि दूसरे देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हुए मांग आधारित और पर्यावरण की दृष्टि से भी अनुकूल विकास की जरूरत है। आर्थिकी को प्रोत्साहन और क्षेत्र में व्यक्ति से व्यक्ति के संपर्क को बढ़ावा देने के लिए भारत एससीओ के महत्व को समझता है। गडकरी ने कहा कि कनेक्टिविटी अपने आप में अर्थव्यवस्था को गुना शक्ति देने का माध्यम है। इसी सोच के साथ एससीओ देशों के बीच बेहतर संपर्क भारत की प्राथमिकता है। गडकरी ने यह भी कहा कि भारत ट्रांसपोर्ट सेक्टर को ज्यादा सक्षम और विश्वसनीय बनाने के लिए हर तरह की पहल करने के प्रति प्रतिबद्ध है। एससीओ देशों ने कई ऐसी पहल की हैं, जो क्षेत्र में सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा व्यापार, विज्ञान और तकनीक में सहयोग देने के लिए हैं। भारत ऐसी सभी पहल के साथ मजबूती से खड़ा है।

## उद्योगों को बढ़ावा देने में योगी सरकार के प्रयास सराहनीय- सतेन्द्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर**

जिले में शुक्रवार को लघु उद्योग भारती की चालू वित्तीय वर्ष की पहली बैठक कार्यालय में आहूत हुई। जिसमें लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार द्वारा उठाये जा रहे सराहनीय कदमों की प्रशंसा की गई। उद्यमियों को शासन की योजनाएं और उद्योगों की स्थापना में प्रदेश सरकार के सरलीकरण के बिन्दुओं की विस्तार में चर्चा हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष सतेन्द्र पटेल ने बताया कि लघु उद्योग भारती के सभी पदाधिकारियों, उद्यमियों के प्रयास के साथ-साथ जिलाधिकारी श्रुति के हर संभव सहयोग से औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों को बढ़ावा मिल रहा है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) बैठक से अलग रूस के रक्षा मंत्री जनरल सर्गेई के शोइगु के साथ द्विपक्षीय बैठक की।

## एफएम ट्रासंमीटरों से सीमांत क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ेगी : सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से किए गए 91 एफएम ट्रासंमीटरों का उद्घाटन से सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़ने में लोगों को आसानी होगी। इसके साथ ही सीमांत क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को बढ़ाने का यह एक मजबूत माध्यम है।

शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 18 राज्यों और 2 केन्द्र शासित प्रदेशों में 91 एफएम ट्रांसमीटरों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल प्रतिभाग किया। जिन 91 एफएम ट्रांसमीटरों का उद्घाटन किया गया।

उनमें उत्तरकाशी में स्थापित एफएम ट्रांसमीटर भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इससे सोशल एवं कल्चरल कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा मिलेगा। उत्तरकाशी सीमांत जनपद होने के नाते सीमांत क्षेत्र के लोगों को सुविधा होने के साथ ही एफएम ट्रासंमीटर की सुविधा होने से अब एक बड़े क्षेत्र को इसका लाभ मिलेगा।

## उत्तराखंड में मिलेट्स उत्पादन की अच्छी संभावनाएं: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**राज्यपाल** लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि उत्तराखण्ड में मिलेट्स अनाज के उत्पादन की अच्छी संभावनाएं हैं, इसे आगे बढ़ाने के विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। शुक्रवार को राजभवन में राज्यपाल गुरमीत सिंह से आइएचएम देहरादून के प्रधानाचार्य डॉ. जगदीप खन्ना एवं एचओडी फूड प्रोडक्शन मनीष भारती ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को संस्थान की ओर से मिलेट्स पर किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने उगाए जाने वाले प्रमुख मिलेट्स, उनकी उपयोगिता



एवं आइएचएम द्वारा मिलेट्स से बनाए जा रहे विभिन्न प्रकार के खाद्य उत्पादों के बारे में जानकारी दी।

राज्यपाल ने कहा कि मिलेट्स जिसे हम मोटा अनाज भी कहते हैं, पौष्टिकता से भरपूर होने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद भी हैं। कोरोना के बाद सभी लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग हो गए हैं और वे मिलेट्स खाद्य पदार्थों को अपना रहे हैं। मिलेट्स एक पौष्टिक और स्वादिष्ट सुपर भोजन है। राज्यपाल ने कहा कि संस्थान मिलेट्स को आगे बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को इससे होने वाले फायदों के बारे में बतायें। मिलेट्स की पैदावार में किसानों को कम लागत में अच्छा मुनाफा मिलता है। मोटे अनाज की खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहन की जरूरत है, जिससे वे मोटे अनाजों का अधिकाधिक उत्पादन करें।

**फायदेमंद**

**मिलेट्स की पैदावार में किसानों को कम लागत में अच्छा मुनाफा मिलता है: राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल**

## शिक्षा नीति हमें बदलाव का माहौल दे रही: मनोज सिन्हा

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति हमें बदलाव का माहौल दे रही है। यह नया समय है जिसकी वजह से हम दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकते हैं। उप राज्यपाल सिन्हा नई शिक्षा नीति में संभावनाओं की तलाश विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में उप राज्यपाल सिन्हा ने नई शिक्षा नीति-2020 की सराहना करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति हमें स्वतंत्र चिंतन का मौका दे रही है।

## कांग्रेस ने की शाह-योगी के खिलाफ शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस** ने चुनाव आयोग से केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ नफरत भरे भाषणों को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी के नेतृत्व में पार्टी नेता पवन कुमार बंसल सहित कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग के कार्यालय जाकर आयोग से मुलाकात की और अपनी बात रखी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में



कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, योगी आदित्यनाथ सहित भारतीय जनता पार्टी ने कई नेता कर्नाटक विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान अल्पसंख्यकों और कांग्रेस को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं। हमने इस संबंध में आज चुनाव आयोग से शिकायत दर्ज करायी है। कांग्रेस चाहती है कि चुनाव आयोग ऐसे नेताओं को कर्नाटक में चुनाव प्रचार करने से रोके। उन्होंने कहा कि हमने एचएम अमित शाह और यूपी के सीएम योगी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कांग्रेस पर सांप्रदायिक और निराधार आरोप लगाए हैं। भाजपा नेताओं ने भी अल्पसंख्यकों के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की है। हम चाहते हैं कि चुनाव आयोग उन्हें कर्नाटक में चुनाव प्रचार करने से रोके।

**अफरा-तफरी** संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक गांव और बूथों पर कार्यक्रम को लेकर तैयारियां चल रही हैं

## ऐतिहासिक होगा पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/चित्रकूट**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम** के 30 अप्रैल को प्रसारित होने वाले 100 वें संस्करण को बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल खास बनाने में जुटे हुए हैं। सांसद ने बताया कि संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक गांव और बूथों पर कार्यक्रम को लेकर तैयारियां चल रही हैं। उन्होंने कहा कि पीएम के मन की बात का 100वां संस्करण देश के लिए ऐतिहासिक होगा। उन्होंने बताया कि चित्रकूट जिला मुख्यालय स्थित मंदाकिनी पैलेस में विशेष आयोजन होगा।जिसमें एक हजार बुद्धिजीवी लोग एक साथ पीएम



मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनेगें। शुक्रवार को बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो पर प्रसारित होने वाले ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम के 100 वें संस्करण को लेकर संसदीय क्षेत्र में विशेष तैयारियां की जा रहीं है। सांसद ने बताया कि पीएम मोदी के मन की बात का 100 वां संस्करण देश के लिए ऐतिहासिक होगा। संसदीय क्षेत्र के सभी बूथों पर जनता के साथ सुनने की योजना पार्टी द्वारा बनायी जा रहीं है। बताया कि 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100 वें संस्करण को सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी बनाने के लिए पार्टी संगठन द्वारा वृहद कार्ययोजना बनाई जा रहीं है। गांव-गांव जाकर भाजपाईयों द्वारा आम जनमानस के बीच आमंत्रण पत्र बांटे जा रहे है। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "मन की बात " कार्यक्रम का पूरे देश के साथ-साथ बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र के सभी बूथों पर प्रसारण किया जाएगा।